दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। सोमवार 24 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 66 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## 12 मार्च से ज्यादा इनके दिलों के जज्बात समझना जरूरी है




## अध्यक्ष पद की रस्साकाशी क्या 12 मार्च तक रहेगी जारी




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 24 फरवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 66 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से दी पटखनी




**नई दिल्ली।** भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अपने दूसरे मुकाबले में विराट कोहली की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर टूनामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। यह हाई-वोल्टेज भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने पाकिस्तानी बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर सके। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान 46 रन और सऊद शकील 62 रन ने तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन बाकी बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे।

कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या ने भी अहम सफलताएं

संबंधित खबर, पृष्ठ 5






# योगी सरकार के मंत्री सुनील शर्मा ने नंगे पैर चलकर लगाई महाकुंभ में आस्था की डुबकी

## कहा- जनता को ना हो परेशानी और मैं कभी गंगा में नाव में भी नहीं बैठा जूते पहनकर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये आस्था है, ये श्रद्धा है, ये सनातन संस्कृति है और ये अपने धर्म के प्रति एक व्यवहार है। देश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर विधायक बनें और मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सनातन संस्कृति के प्रति शुरू से ही समर्पित रहे हैं। रोजाना पूजा-पाठ उनकी दिनचर्या का हिस्सा है।

अपनी मां की सेवा करना और गऊसेवा करना उनका नित्य का काम है। वह रोजाना पूजा-प्रार्थना करते हैं। बीते दिनों उन्होंने राम कथा में कथावाचक के ना आने पर व्यास गद्दी को संभाला था और घंटों तक प्रभु श्रीराम के जीवन को लेकर चर्चा की थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कैबिनेट के ये मंत्री एक बार फिर गंगा किनारे आस्था और श्रद्धा से लबरेज दिखाई दिये। इस बार वो गंगा की रेत पर नंगे पैर चल रहे थे। ये सफर कुछ मीटर का नहीं बल्कि डेढ़ किमी. का था। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा गंगा की रेत पर लगभग डेढ़ किमी पैदल चले और फिर उन्होंने आस्था की डुबकी लगाई। हर कोई सरकार के कैबिनेट मंत्री को गंगा तट पर नंगे पैर पैदल चलते देखकर हैरान था। सब यही सोच रहे थे कि जिनके पास कार से सीधे घाट तक जाने की व्यवस्था है वो मंत्री बिना किसी लाव लश्कर के, बिना किसी दिखावे के नंगे पैर पैदल क्यों जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इसकी वजह भी बताई और ये वजह पूरी तरह आस्था-श्रद्धा से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी गंगा नदी में स्नान करने गया हूं तो मैं कभी भी गंगा नदी में नाव में भी जूते पहनकर नहीं बैठता। मैं हमेशा नंगे पैर बैठता हूं। ये मेरी जीवनदायिनी, पतितपावनी गंगा मां के प्रति आस्था है। मैं कभी गंगा नदी में नाव में भी जूते पहनकर नहीं बैठा हूं। यदि मैं जूते पहनकर जाता तो फिर नाव में भी जूते पहनकर बैठना पड़ता, इसलिए मैं जूते पहनकर नहीं गया था।

### जनता को ना हो परेशानी इसलिए पैदल चलने में मुझे हुई आसानी

**करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से उस वीडियो को लेकर बात की जिसमें वो संगम तट पर नंगे पैर जाते दिखाई दे रहे हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मेरी जानकारी में नहीं है कि यह वीडियो कब और किसने बनाया, लेकिन उन्होंने करंट क्राइम से नंगे पैर और पैदल जाने का पूरा मामला बताया। उन्होंने बताया कि सर्किट हाउस से वीआईपी घाट तक जाने के लिये आमतौर पर कार से जाते हैं। लेकिन मैंने ये महसूस किया कि भीड़ ज्यादा है और इससे लोगों को परेशानी हो सकती है। मुझे सिक्योरिटी ने कहा भी कि कार निकल जाएगी, लेकिन मैंने कह दिया कि लोगों को परेशानी होगी। अगर मेरी कार से लोगों को परेशानी है तो मैंने नंगे पैर पैदल चलने में आसानी समझी। नंगे पैर चलने का प्रश्न मेरी आस्था से जुड़ा है। मैं कभी भी नाव में भी खासतौर से गंगा नदी में जूते पहनकर नहीं बैठता हूं और इसलिए मैं अपने जूते कार में ही छोड़ गया था और पैदल चलने का मुद्दा जनता से जुड़ा है। मैं जनता का सेवक हूं, मुझे सबसे बड़ा जनादेश जनता ने दिया है और जनता की सुविधा मेरे लिये सर्वप्रथम है।

### मां की गोद में चल रहा था मैं तो थकान कैसी

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सरकार के वो चेहरे हैं जो सनातन संस्कृति का एक संदेश अपनी जीवनचर्या से देते हैं। उन्हें अपने धर्म ग्रंथों की बातें जुबानी याद है। उन्हें मंत्र कंठस्थ हैं। वो सनातन संस्कृति की बारीकियां जानते हैं। वो परिवार नामक संस्था की पवित्रता जानते हैं। वो मां की सेवा, मां के चरणों का महत्व जानते हैं। जब ये सवाल हुआ कि नंगे पैर डेढ़ किमी चलने में कोई दिक्कत तो नहीं हुई, इस पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि कोई बच्चा अपनी मां की गोद में चलते हुए कैसे थक सकता है। उन्होंने कहा कि गंगा हमारे लिये एक नदी नहीं सबसे बड़ी आस्था है। वो हमारे लिये गंगा मां है और मैं गंगा की रेत पर मानों अपनी मां की गोद में चल रहा था तो थकान का तो मतलब ही नहीं है। उन्होंने कुंभ स्नान के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अपने परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अमृत स्नान का पहला सौभाग्य मुझे सीएम योगी आदित्यनाथ की कृपा से मिला जब उनके साथ कुंभ स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ और दूसरी बार मुझे मेरे परिवार ने यह सौभाग्य प्रदान किया जब पूरे परिवार के साथ महाकुंभ त्रिवेणी स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# महाशिवरात्रि पर्व के चलते 25 की शाम छह बजे से दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर मार्ग पर रहेगा रूट डॉयवर्जन

- चार स्थानों पर बनाए गए हैं वाहन पार्किंग स्थल
- ड्यूटीरत समस्त पुलिसकर्मियों के वाहन शंभू दयाल डिग्री कॉलेज पी-02 पार्किंग में किए जाएंगे खड़े



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने और लोगों को परेशानी ना हो, वो महाशिवरात्रि के पर्व पर जलाभिषेक भी होता रहे, इसके लिए रूट डॉयवजन प्लान जारी कर दिया है। रूट डायवजन जलाभिषेक के चलते किया जा रहा है। यातायात पुलिस के अधिकारियों के अनुसार 25 फरवरी की शाम छह बजे से लेकर महाशिवरात्रि को रात्रि 12 बजे तक रूट डायवर्जन का प्लान जारी रहेगा। इस दौरान दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर पहुंचने वाले पुलिसकर्मियों के वाहन शंभू दयाल डिग्री कॉलेज की पार्किंग पी-02 में खड़े कराए जाएंगे। तो वहीं श्रद्धालुओं और जलाभिषेक करने वाले जो लोग आएंगे, उनके लिए भी अलग से पार्किंग स्थल बनाया गया है। वहीं कई रूट पर भारी, हल्के और व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। तो कई जगह लोगों को मार्ग बदलकर अपने गंतव्य तक पहुंचना होगा। आमजन को परेशानी नहीं हो इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है।

### यहां पर रहेगा इस प्रकार से रूट डॉयवजन



करंट क्राइम : यातायात पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि लाल कुआं और बस अड्डे के मध्य सभी प्रकार के भारी, मध्यम, व्यावसायिक वाहनों का आगमन जलाभिषेक महाशिवरात्रि पर्व के चलते 25 फरवरी की शाम छह बजे से लेकर 26 फरवरी की रात्रि 12 बजे तक प्रभावित रहेगा। इस मार्ग पर वाहन नहीं चलेंगे। लाल कुआं से नए बस अड्डे की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद होगा। वहीं लाल कुआं से मेरठ मोड जाने वाले सभी प्रकार के भारी, मध्यम, व्यावसायिक वाहन साजन मोड़ से दाहिने मुड़कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क चौराहे से विवेकानंद नगर फ्लाईओवर होते हुए हापुड़ चुंगी जाकर एएलटी चौराहे से मेरठ मोड़ होते हुए मेरठ तिराहे की ओर जाएंगे। इसी प्रकार मेरठ तिराह से लाल कुआं जाने वाले सभी प्रकार के वाहन जीटी रोड ना होकर मेरठ रोड होकर एएलटी से हापुड़ चुंगी, विवेकानंद नगर फ्लाईओवर होते हुए साजन मोड़ से लाल कुआं की ओर जाएंगे। वहीं हल्के व्यावसायिक वाहनों का आगमन चौधरी मोड़ से हापुड़ तिराहे के मध्य पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन चौधरी मोड़ से अंबेडकर रोड होकर पुराना बस अड्डे से हापुड़ तिराहा होते हुए गंतव्य तक जाएंगे। नए बस अड्डे से मेरठ मोड़ जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को हापुड़ तिराहे से पुराना बस अड्डा, अंबेडकर रोड़ होते हुए चौधरी मोड़ तक निकाला जाएगा। हापुड़ चुंगी से किसी प्रकार के भारी, मध्यम वाहनों का परिचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन एएलटी चौराहे से मेरठ रोड होते हुए जाएंगे। पुराना बस अड्डे से कोई भी नए बस अड्डे में अन्य भारी वाहन, हापुड़ तिराहा नहीं जाएगा। यह वाहन घूकना मोड़ से मेरठ रोड होकर गंतव्य तक जाएंगे। दूधेश्वरनाथ मंदिर वाले मार्ग पर गौशाला फाटक से मंदिर के मध्य सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश और संचालन बंद रहेगा।

### रामलीला मैदान घंटाघर, शंभू दयाल डिग्री कॉलेज और नवयुग मार्केट पर खड़े कर सकते हैं वाहन

करंट क्राइम : पुलिस ने जो ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है, उसके हिसाब से दूधेश्वरनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। जीटी रोड, अंबेडकर रोड, विजयनगर, रेलवे पुल की ओर से आने वाले सभी श्रद्धालु अपने वाहन रामलीला मैदान घंटाघर पी-01 पार्किंग में खड़े कर पैदल मंदिर को जाएंगे। नया बस अड्डे की ओर से आने वाले सभी श्रद्धालु पटेल नगर फ्लाईओवर होकर अपने वाहन रामलीला मैदान घंटाघर पी-01 पार्किंग में खड़े करेंगे। तो वहीं हापुड़ रोड से आने वाले सभी श्रद्धालु अपने वाहन नवयुग मार्केट रोड की पार्किंग के पार्क करेंगे और मंदिर को प्रस्थान करेंगे। विजयनगर की ओर से आने वाले श्रद्धालु वाहन मिलिट्री ग्राउंड विजयनगर पी-04 पार्किंग में खड़े करेंगे। ड्यूटी पर रहने वाले समस्त पुलिसकर्मियों के वाहन शंभू दयाल डिग्री कॉलेज की पार्किंग पी-02 में खड़े किए जाएंगे।

# चीफ वार्डन ललित जायसवाल के बर्थडे पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने दिया स्पष्ट संदेश, समाज के लिए निष्काम करते हैं सेवा कुछ ऐसा है इनका फेस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल एक ऐसा फेस है जो परोपकार के राष्ट्र सेवा के काम शांति से करते हैं और डाउन टू अर्थ रहते हैं। वो ज्यादा प्रचार भी नहीं करते और बहुत शोबाजी में उनका विश्वास नहीं हैं। वो एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जो कभी अपने कामों का श्रेय भी नहीं लेते हैं। बर्थडे पर वो काई विशेष आयोजन नहीं करते और सामान्य तौर पर रहते हैं। लेकिन इस बार रविवार को उनके समर्थकों को उनका बर्थडे याद था और घर तथा कार्यालय में उन्हें भी जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी एक सरल व्यक्तित्व हैं और मधुर वाणी उनकी व्यक्तित्व की निशानी हैं। वो भी ललित जायसवाल को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस मौके पर करंट क्राइम भी वहां मौजूद थे। यहां सवाल ये हुआ कि ललित जयासवाल के समर्थक चाहते हैं कि वो राजनीति में आए, लेकिन ललित जायसवाल यहां खामोशी साध लेते हैं। आप राजनीति से बेहतर परिचित हैं और इस जन्मदिन पर आप अपने शब्दों के माध्यम से उन्हें क्या बर्थडे गिफ्ट देना चाहेंगे। यहां पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि ललित जायसवाल जिस जज्बे के साथ समाजसेवा करते हैं, राष्ट्र के प्रति सर्पित रहते हैं, उसके लिये शब्द कम हैं। वह निष्काम भाव से सेवा करते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि प्रतिफल की आशा नहीं करते। उन्होंने कहा कि ललित जायसवाल की तुलना महान लोगों से की जा सकती है। वो एक बड़ा सामाजिक चेहरा हैं। यहां जब करंट क्राइम ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप से ललित जायसवाल के सियासी भविष्य को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि समाजसेवा का कोई रूप नहीं होता वो राजनीति में भी आकर की जा सकती है। राजनीति के जरिए हम राष्ट्रसेवा और समाजसेवा ही करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी यही कामना है कि ललित जायसवाल राजनीति में आएं और एक बड़े मुकाम को छुएं। उनके जैसे लोगों को राजनीति में आना चाहिए। जिससे अधिक से अधिक लोगों का भला हो सके। यहां पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने ये दोहराया कि वो जितनी बात कह रहे हैं वो वास्तविक हैं। ये हकीकत है कि ललित जायसवाल वास्तव में राजनीति में एक बड़े स्थान को डिजर्व करते हैं। ऐसे शालीन, सेवाभाव से काम करने वाले लोगों को राजनीति में आना चाहिए।



### ललित जायसवाल ने घर के सामने, पार्क में भारत-पाकिस्तान मैच के लिए लगवाई बड़ी स्क्रीन

करंट क्राइम। ललित जायसवाल सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन हैं। वो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित करते हैं। वो कविनगर रामलीला कमेटी के भी अध्यक्ष हैं। वो कई सामाजिक संस्थाओं में हैं। वो हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष हैं। इतनी जिम्मेदारियों के बाद भी वो खेल के प्रति रुचि रखते हैं। ये ललित जायसवाल का स्वभाव है कि वो सबको साथ लेकर चलते हैं। जिस मैच का आनंद वो अपने ड्राइंग रूम में बैठकर ले सकते हैं उस मैच के लिये उन्होंने अपनी कॉलोनी के लोगों को आमंत्रित किया। अपने घर के सामने वाले पार्क में उन्होंने बड़ी वाली स्क्रीन लगवाई। बताते हैं कि भारत पाकिस्तान का जब भी मैच होता है ललित जायसवाल तब बड़ी स्क्रीन लगवाते हैं। रविवार को ये इत्तेफाक था कि उनका जन्मदिन भी था और भारत-पाकिस्तान का मैच भी था। लिहाजा जन्मदिन की बधाई भी हो गई और मैच जीतने की बधाई भी इसी के साथ हुई। ये क्रिकेट के प्रति ललित जायसवाल का लगाव है और बताया तो ये जाता है कि जब-जब ललित जायसवाल अपने घर के सामने वाले पार्क में स्क्रीन लगाते हैं, पूरे इलाके के लोगों को मैच दिखाते हैं, तब-तब भारत ये मैच जीतते हैं।

# अपने पुत्र के विवाह में दिया विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एक बड़ा संदेश आशीर्वाद दीजिए और विवाह में पूरी तरह कर दिया दहेज का निषेध



लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर के सुपुत्र नागेश गुर्जर के विवाह समारोह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का रहना हुआ। उन्होंने वर-वधू को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एनसीआर में शादी का स्वरूप भव्य हो रहा है। यहां अब मिडिल क्लास वर्ग भी डेस्टिनेशन मैरिज करने लगा है। एनसीआर में एक बड़ा परिवर्तन जमीनों के मुआवजे के बाद भी आया और कई वीडियो ऐसे सामने आए जिसमें भारी भरकम धनराशि, किलो हिसाब से सोना और महंगी कारें दहेज में दी जा रही हैं। विवाह एक स्टेटस सिंबल बन रहा है और शादियों के इस स्वरूप को, इस लेनदेन को समाज के वर्ग ने सहज रूप से स्वीकार भी किया है। वो इसे आर्थिक स्तर से जोड़कर देखते हैं। वो इसे सामान्य दहेज नहीं अपितु उपहार या लेनदेन मानते हैं, लेकिन कई बार ये प्रथा औसत परिवारों के बजट को गड़बड़ा देती है और ऐसे में जब कोई लोकप्रिय व्यक्ति, आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा वाला व्यक्ति अगर अपने बेटे की शादी बिना दहेज के करता है तो इसका एक बड़ा व्यापक संदेश समाज में जाता है। सभी प्रकार से साधन संपन्न व्यक्ति अगर सादगी और सरलता की मिसाल देता है तो वास्तव में उसका हृदय विशाल होता है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एक बड़ा संदेश अपने बेटे के विवाह में दिया है। एक ऐसा संदेश दिया है जो अनुकरणीय है और ये संदेश उस शादी में दिया गया है जिसमें एक तरह से केंद्र से लेकर राज्य सरकार मौजूद थी। संघ के बड़े नेता मौजूद थे। विपक्ष के नेता पहुंचे थे और आसपास के गांव और शहरी कस्बों से एक बड़ी संख्या शुभचिंतकों और समर्थकों की पहुंची। भव्य आयोजन था और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपने बेटे की शादी में बिना कुछ कहे एक बड़ा संदेश दहेज निषेद का दिया है। बताते हैं कि जिस शादी में हजारों लोग मौजूद थे उस शादी में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किसी भी प्रकार के दहेज को निषेद किया था। विधायक नंदकिशोर गुर्जर के पुत्र की शादी बिना दहेज के हुई। उन्होंने अपने बेटे की शादी में किसी भी प्रकार का दहेज स्वीकार करने से इनकार किया। बताते हैं कि विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुत्रवधू के परिजनों को स्पष्ट इनकार कर दिया था कि किसी भी प्रकार का दहेज स्वीकार नहीं होगा। ये एक बड़ा संदेश एक ऐसे मंडप से निकला जहां किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। दोनों ही पक्ष धन धान्य से परिपूर्ण हैं। सामाजिक रुतबा है, प्रतिष्ठा है, लेकिन रिश्तों में मजबूती की एक डोर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जोड़ी है। सारे समाजों को और खासतौर से गुर्जर समाज को एक बड़ा संदेश दिया है कि विवाह हो तो पुत्रवधू को आशीर्वाद दीजिए, पुत्र को आशीर्वाद दीजिए और दहेज की किसी भी परंपरा से साफ इनकार कीजिए। ये मैसेज पूरे क्षेत्र में गया है और अगर संभ्रांत परिवार इसका अनुसरण करेंगे तो इसकी बयार नीचे तब आएगी। मीडिल क्लास वर्ग में भी दहेज रहित विवाह की क्रांति आएगी। कितने ही परिवारों का कल्याण होगा।

### देश को संबोधित करते हुए 119वें 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# स्पेस साइंस में नई ऊंचाई छू रहा भारत

**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (23 फरवरी) को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 119वें एपिसोड में स्पेस साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स प्रेरणादायक महिलाओं को समर्पित करने की नई पहल की घोषणा की।




#### स्पेस और एआई में भारत की बढ़ती ताकत

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान में लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। हाल ही में इसरो ने अपना 100वां रॉकेट लॉन्च किया, जिससे अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की साख और मजबूत हुई है।

उन्होंने फ्रांस में आयोजित बड़े अकसम्मेलन में भारत की उपलब्धियों को मिली वैश्विक सराहना का भी जिक्र किया।

**महिला दिवस पर अनोखी पहल :** पीएम मोदी ने बताया कि इस बार महिला दिवस पर वे अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स प्रेरणादायक महिलाओं को सौंपेंगे ताकि वे अपने विचार और अनुभव साझा कर सकें।

**खेल और युवा शक्ति :** प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में देशभर से आए 11,000 से अधिक एथलीटों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई दी और खेलों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बताया।

#### छात्रों के लिए संदेश

परीक्षा की तैयारियों को लेकर ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न कार्यक्रम का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह अब एक महत्वपूर्ण पहल बन चुकी है, जिससे लाखों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं।

#### आदिवासी भाषाओं का संरक्षण

तेलंगाना के एक शिक्षक द्वारा अक टूल्स का उपयोग कर आदिवासी भाषा कोलामी में गीत रचने की पहल की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने तकनीक के माध्यम से भाषाओं और संस्कृति के संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से बेहतर स्वास्थ्य के लिए कम तेल वाले भोजन की आदत अपनाने का आग्रह भी किया।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि अभी चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है लेकिन आज मैं आप से क्रिकेट नहीं बल्कि अंतरिक्ष में भारत द्वारा बनाए गए अद्भुत शतक की बात करने जा रहा हूं। गत माह देश ने इसरो का 100वां रॉकेट लॉन्च देखा है। समय के साथ अंतरिक्ष उड़ान में हमारी उपलब्धियों की सूची लंबी होती जा रही है। चाहे प्रक्षेपण यान का निर्माण हो, चंद्रयान, मंगलयान और आदित्य एल-1 की सफलता हो या फिर 104 उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने का अभूतपूर्व मिशन हो।

# देशभर में सस्ती होंगी कैंसर की दवाएं : मोदी

### प्रधानमंत्री ने निकाली बागेश्वर धाम की पर्ची



**छतरपुर।** पीएम मोदी ने छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एंड साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर की आधारशिला रखी है। इस मौके पर उन्होंने जनता को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने संबोधन के दौरान एक ऐसा वाकया शेयर किया, जिसे सुनकर वहां बैठे सभी लोग हंसने लगे।

पीएम मोदी ने कहा, 'आज मैं हनुमान दादा के चरणों में आया तो मुझे लगा कि क्या धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अकेले ही पर्ची निकालेंगे या मैं भी पर्ची निकाल पाऊंगा। मैंने देखा कि हनुमान दादा की आज मुझ पर कृपा होती है या नहीं होती है। हनुमान दादा ने मुझे आशीर्वाद दिया और आज मैंने पहली पर्ची निकाली। मैंने शास्त्री जी की माता जी की पर्ची निकाली, जिसके बारे में शास्त्री जी ने बता दिया है।'

पीएम मोदी ने कहा कि धीरेंद्र ने कहा है कि इस संस्थान के उद्घाटन और उनकी बारात में मैं आऊं, मैं सार्वजनिक रूप से वादा करता हूं कि मैं दोनों काम कर दूंगा।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंच से कहा, 'हम पीएम मोदी से निवेदन करते हैं, कोई अतिशयोक्ति हो जाए तो हमें क्षमा करना, मेरी शादी में आप भले ही मत आना लेकिन उद्घाटन में अगर समय मिल जाए तो जरूर आना। पीएम मोदी जब मेरी माताजी से मिल रहे थे तो कह रहे थे कि माताजी हम आपकी पर्ची खोल रहे हैं। अब माताजी आपके मन में चल रहा है कि लड़के की शादी हो जाए। उस वक्त हम नहीं कह पाए लेकिन माताजी के प्रति आपका भाव देखा तो हमने वहीं बैठे-बैठे प्रण लिया कि पीएम मोदी की माताजी के नाम से इस अस्पताल में एक वार्ड बनाया जाएगा। पीएम मोदी हमारी मां के लिए शॉल भी लेकर आए। पीएम स्वस्थ रहें और सत्ता में रहें, जिससे भारत विकास करता रहे।'

हमारी सरकार आम जन की इस मुश्किल को आसान करने जा रही है। कैंसर की दवाएं सस्ती की जा रही हैं। केंद्रीय बजट में कैंसर को लेकर कई प्रावधान किए गए हैं। अब अस्पतालों में कैंसर क्लिनिक खोले जा रहे हैं। ये क्लिनिक आपके नजदीकी अस्पतालों में खोले जा रहे हैं। कैंसर डे केयर सेंटर खोले जा रहे हैं, जहां कैंसर मरीजों की दवाओं, जांचों और सेहत का ख्याल रखा जाएगा। लेकिन कैंसर से सुरक्षा के लिए आपको भी सावधान और जागरूक होना होगा ह्न ये बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में कहीं। वे यहां बालाजी सरकार कैंसर इन्स्टिट्यूट का शिलान्यास करने पहुंचे थे। बता दें कि पीएम मोदी मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

शाम को 5 बजें पीएम मोदी राजधानी भोपाल पहुंचेंगे। वे यहां राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को शुरू होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टमेंट (ऋक्रर 2025) का शुभारंभ करेंगे।

# प्रयागराज में रविवार को लगा करीब 25 किलोमीटर लंबा जाम

### महाशिवरात्रि से पहले कुंभ में उमड़ा जनसैलाब

**प्रयागराज।** प्रयागराज में लगा महाकुंभ समाप्त होने वाला है। 26 फरवरी यानी महाशिवरात्रि के दिन प्रयागराज महाकुंभ में आखिरी स्नान है। वहीं महाकुंभ में श्रद्धालुओं के बीच डुबकी लगाने की होड़ मच गई है।

हर दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। आज 23 फरवरी है और मेला खत्म होने से पहले का आखिरी वीकेंड है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में डुबकी लगाने पहुंचे हैं।

श्रद्धालुओं को भीषण जाम का सामना भी करना पड़ रहा है। रविवार सुबह प्रयागराज महाकुंभ में 25 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। हजारों वाहन सड़कों पर रेंग रहे हैं। जाम के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन किसी की श्रद्धा में कोई कमी नहीं आ रही है।

सभी श्रद्धालु जोश के साथ प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने को उत्सुक हैं। ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह सतर्क है और प्रयागराज जोन के आईजी प्रेम गौतम, एसपी बृजेश श्रीवास्तव, एएसपी राजेश सिंह भी ट्रैफिक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए खुद हाईवे पर तैनात हैं। ट्रैफिक निमंत्रण के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की जा रही है।



#### पुलिस ने लगाया ट्रैफिक डायवर्जन प्लान

रविवार को श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान भी लागू किया गया है। कोखराज बाईपास से फाफामऊ बेला कछार पार्किंग तक सभी गाड़ियों को डायवर्ट किया जा रहा है। प्रशासन ने यह फैसला इसलिए लिया है ताकि श्रद्धालु आसानी से महाकुंभ पहुंच सके और स्नान कर सके। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने वालों का आंकड़ा 60 करोड़ के पार पहुंच गया है।

प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ी व्यवस्था की है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि मेरा अनुमान है कि 45 करोड़ लोग महाकुंभ में आएंगे लेकिन हमने 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की है। अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। शाही स्नान मौनी अमावस्या को ही पूरा हो गया।

# महाकुंभ मेले में 51 दिनों में 270 से ज्यादा मोबाइल चोरी, विदेशी श्रद्धालु भी हुए शिकार

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में 51 दिन के भीतर 270 से ज्यादा मोबाइल फोन चोरी हो चुके हैं। इनमें से ज्यादातर मामले में बरामदगी या गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मेले में होने वाली आपराधिक घटनाओं की एफआईआर मेला कोतवाली थाने में दर्ज की जा रही है। शनिवार दोपहर तक यहां 306 एफआईआर दर्ज की गई। यह आंकड़ा तीन जनवरी से 22 जनवरी तक का है। इनमें से 90 फीसदी मामले मोबाइल चोरी के हैं। इनमें दर्जनभर आईफोन हैं।



#### सबसे ज्यादा घटनाएं संगम घाट पर

मेला कोतवाली में दर्ज मामलों में चोरी की सबसे ज्यादा घटनाएं संगम घाट पर हुईं। यहां स्नान करने के दौरान श्रद्धालुओं के मोबाइल, पर्स आदि चुरा लिए गए। इसके बाद संगम घाट से त्रिवेणी मार्ग यानी वापसी वाले रास्ते पर चोरी की घटनाएं हुईं। साथ ही हनुमान मंदिर व त्रिवेणी रैंप के पास भी सामान चोरी का मामला सामने आया।

#### विदेशी श्रद्धालु भी हुए शिकार

चोर गिरोह की ओर से शिकार बनाए गए लोगों में देश के ही नहीं बल्कि विदेश से आने वाले श्रद्धालु पर्यटक भी रहे। ओमान से आईं दीप्ति वापोद्रा का पर्स 13 जनवरी को संगम घाट पर चोरी हो गया। जिसमें उनका मस्कट का आईडी कार्ड व आधार भी रखा था।

इसी तरह 14 जनवरी को यूएसए से आए पॉल माइकल बुचानन का बैग अरैल में चोरी हो गया। इसमें 1700 यूएस डॉलर, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, लेंस के साथ ही डीएसएलआर कैमरा भी रखा था। अरैल घाट पर ही 29 जनवरी को रूस से आए कुर्सिन निकोले का पासपोर्ट, कपड़े व नकदी भरा बैग चोरी कर लिया गया।

मेला एसपी क्राइम चिरंजीव मुखर्जी ने बताया कि बहुत से मोबाइल बरामद कर संबंधित लोगों को वापस किए गए हैं।

चोरी के बाद फोन स्विच ऑफ कर दिए जाते हैं। जैसे ही यह ऑन होते हैं, लोकेशन ट्रेस कर इन्हें रिकवर किया जाता है। पुलिस लगातार इस संबंध में काम कर रही है।

# दिल्ली में खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने 'फिट इंडिया संडे' में चलाई साइकिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को यहां ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' के साथ राष्ट्रव्यापी फिटनेस आंदोलन को मजबूत किया। इस अवसर पर खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, सांसद तेजस्वी सूर्या, एथलीट सिमरन शर्मा, नीतू घणघास और प्रीति पवार के साथ लगभग 500 साइकिलिंग प्रेमी शामिल हुए।



मंत्री और उनकी टीम ने मंगलवार की सुबह, जब वातावरण में कोहरा अभी तक नहीं छंटा था, नेशनल स्टेडियम से रायसीना हिल्स तक और वापस तीन किलोमीटर का सफर साइकिल से तय किया।

खेल मंत्री ने घोषणा की, ₹साइकिल चलाने से पर्यावरण को बहुत बढ़ावा मिलता है। यह प्रदूषण का समाधान है। यह स्थिरता में योगदान देता है। हम हर रविवार को एक घंटे की साइकिलिंग के लिए डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक, कॉर्पोरेट पेशेवर और युवाओं को शामिल करेंगे, न केवल दिल्ली में बल्कि पूरे देश में।₹

फिट इंडिया मूवमेंट के तहत मंगलवार को देश भर में 1000 स्थानों पर इसका शुभारंभ किया गया और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) और खेलो इंडिया के कई केंद्रों के अलावा, भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई), माई भारत और विभिन्न अन्य संगठनों के सहयोग से इसे किया गया।

इस अवसर पर रोहतक, गांधीनगर, बेंगलुरु आदि स्थानों से प्रमुख एथलीट सुमित अंतिल, नवदीप, दीप्ति जीवनजी, पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल और तजिंदर सिंह तूर शामिल हुए।

विश्व चैंपियन नीतू घणघस ने कहा, ₹यह युवाओं और बुजुर्गों के लिए फिट रहने और पर्यावरण में योगदान देने का एक प्रमुख तरीका है।₹

# यूपी आंगनबाड़ी भर्ती में भ्रष्टाचार

### मंत्री ने खुद खोली पोल, पत्र लिखकर की भर्ती रद्द करने की मांग

**लखनऊ।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में हो रहे आंगनबाड़ी कार्यकताओं की भर्तियों में भ्रष्टाचार को लेकर अब विभाग की मंत्री ने ही मोर्चा खोल दिया है। यही नहीं, मंत्री ने इस संबंध में निदेशक आईसीडीएस को पत्र लिखकर भर्तियों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने की शिकायत की है। साथ ही मंत्री ने जिले स्तर पर हो रही भर्ती को रद्द करके इसे प्रदेश स्तर से कराने की मांग भी किया है।



दरअसल प्रदेश के सभी जिलों में आंगनबाड़ी कार्यकताओं के 52 हजार से अधिक पद खाली हैं। इसपर पिछले साल से ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। लेकिन तमाम जिलों में भर्ती में अनियमितता की शिकायतों और हाईकोर्ट में याचिका की वजह से भर्ती की प्रक्रिया अब तक पूरा नहीं हो पाई है। लिहाजा अभी भी जिलों में भर्ती की काम चल रहा है। इसके लिए शासन ने जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारियों (डीपीओ) को जिम्मेदारी दे रखी है। हालांकि इसके लिए गठित कमेटी का अध्यक्ष संबंधित जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को नामित किया गया है, लेकिन डीपीओ की बड़ी भूमिका है।

खास बात यह है कि जब से यह भर्ती शुरू हुई तभी से विवादों में घिरी है। इस वजह से कई बार मानकों में बदलाव भी किए गए हैं। इसके बावजूद भर्ती में सेटिंग-गेटिंग का खेल अक्सर सामने आ रहा है। जिला स्तर के अधिकारियों पर मानकों के विपरीत पसंद और नापसंद के आधार पर चयन करने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ऐसी तमाम शिकायतें शासन और आईसीडीएस निदेशालय भी पहुंच रही हैं, लेकिन निदेशालय स्तर पर भी उसे दबा दिया जा रहा है।

ताजा मामला महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला का निदेशक आईसीडीएस को लिखे गए उस से पत्र से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने डीपीओ और उनके कार्याल के कर्मचारियों पर भर्ती में अनियमितता बरतने का खुला आरोप लगाया है। मंत्री ने अपने पत्र में अपने दौरे का हवाला देते हुए लिखा है कि वह जिस भी जिले में दौरे पर जा रही हैं, वहां भर्ती में भ्रष्टाचार की ढेर शिकायतें मिल रही हैं। आवेदन लेने से लेकर उसकी छंटनी तक का काम डीपीओ की देखरेख में हो रहा है।

मंत्री ने लिखा है कि इस प्रक्रिया गोपनीयता का पालन तक नहीं किया जा रहा है।

# पूर्व सीएम आतिशी को बनाया गया नेता प्रतिपक्ष

### आप विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आज पार्टी मुख्यालय पर विधायक दल की बैठक बुलाई है जिसमें नेता प्रतिपक्ष के नाम पर मुहर लग गई है। आम आदमी पार्टी ने एलान किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी इस बैठक में शामिल हुए।



विवार को पार्टी मुख्यालय पर हुई बैठक में सभी विधायकों ने आतिशी को विधायक दल का नेता चुना। जिसके बाद अब साफ हो गया है कि दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाएंगी। गोपाल राय ने इसकी औपचारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के विधायक दल की मीटिंग थी जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना है।

गोपाल राय ने कहा कि आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। उनपर नेता प्रतिपक्ष होने के नाते केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए कामों की रक्षा करना और भाजपा द्वारा जनता से किए वादों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी होगी।

नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद आतिशी ने कहा, 'मैं अअढ के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और सभी विधायकों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मुझे नेता प्रतिपक्ष बनाया है।

# विधानसभा सत्र से पहले भाजपा की अहम बैठक

### भाजपा दफ्तर में सीएम रेखा गुप्ता समेत मंत्री-विधायक पहुंचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा सत्र से पहले आज भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता समेत मंत्री और विधायक कल 24 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा सत्र से पहले बैठक के लिए दिल्ली भाजपा कार्यालय पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में विधायकों के साथ सदन में होने वाली कार्यवाही को लेकर चर्चा होगी। रविवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित विधायक दल की बैठक में भाजपा कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद और अन्य भाजपा विधायक मौजूद हैं।



बता दें कि दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में है। मंत्री अपने-अपने विभागों का गहन अध्ययन और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल की कमियों को ठीक करने के लिए ताबड़तोड़ कदम उठाए जा रहे हैं।

**सीएजी रिपोर्ट होगी पेश :** 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से सत्र शुरू होगा। पहले विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर में विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 25 फरवरी को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। 27 फरवरी को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि होने के कारण सत्र नहीं बुलाया गया है।

**पक्ष-विपक्ष में नोकझोंक के आसार :** सत्र का तीसरा दिन यानी 27 फरवरी को पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक हो सकती है। सदन में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण पर बहस होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सदन में जवाब देंगी।

माना जा रहा है कि विपक्ष पर सत्ता पक्ष सीएजी की रिपोर्ट को आधार बनाकर भ्रष्टाचार का आरोप मढ़ेगा। इसमें हर विभाग से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं का लेखा-जोखा होगा। इधर, आप नेताओं के अनुसार चुनाव के दौरान जितने भी वादे भाजपा ने किए हैं, उन्हें पूरा करने के लिए दबाव बनाया जाएगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





नई दिल्ली। सोमवार 24 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# सुल्लामल रामलीला कमेटी के दोनों पैनल आमने-सामने

## 301 सदस्य 28 फरवरी को चुनेंगे 7 पदाधिकारियों के साथ अध्यक्ष

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुल्लामल रामलीला कमेटी का चुनाव 28 फरवरी को होना है। 23 फरवरी रविवार को दोनों पैनल ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। पहला पैनल सुभाष गुप्ता लोहे वालों का है और दूसरा पैनल अजय बंसल का है। रविवार को चुनाव अधिकारी के समक्ष अजय बंसल और उनकी टीम ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अजय बंसल पैनल की ओर से छह अन्य उम्मीदवार हैं।

अजय बंसल अध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवार हैं और इसके अलावा महामंत्री पद के लिये मुनीन्द्र आर्य मैदान में हैं। इसी पैनल से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये विनय सिंघल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये अनिल अग्रवाल पाइप वाले चुनाव मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिये संदीप मित्तल एडवोकेट, मंत्री पद के लिये प्रदीप मित्तल एडवोकेट और लेखा फरीकाक पद के लिये सुमित गर्ग चुनाव मैदान में हैं। जब इस पैनल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में दाखिल किया सभी ने नामांकन

रविवार को जहां अजय बंसल ने नामांकन किया तो वहीं सुभाष गुप्ता लोहे वाले ने भी अध्यक्ष पद के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। उनके साथ महामंत्री पद के लिये नरेश प्रधान, कोषाध्यक्ष पद के लिये सुधीर गोयल मोनू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये अनिल चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये संजीव मित्तल साजू, मंत्री पद के लिये दिनेश शर्मा बब्बे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### वो लड़ें तो चुनाव अवैध और ये लड़ें तो वैध

रविवार को जब चुनाव लड़ने वाले दोनों पैनल घोषित हो गए तो ये सवाल रामलीला कमेटी वालों के बीच गूंजता रहा। सवाल ये था कि जिस चुनाव प्रक्रिया को महामंत्री पद के लिये नामांकन कर रहे मुनींद्र आर्य ने एक दिन पहले अवैध बताया था वो चुनाव अगले दिन उन्हीं की नजर में वैध कैसे हो गया। अगर वो चुनाव लड़ेंगे तो ये चुनाव वैध माना जाएगा और वो चुनाव नहीं लड़ते वो इसे अवैध बताएंगे। संस्था के सदस्य ही जानना चाहते हैं कि एक दिन में चुनाव वैध से अवैध कैसे हो गया।



### ये है मैटर ऑफ नोज, वो करते हैं क्लीन स्वीप या फाइट होगी क्लोज

**करंट क्राइम।** चुनाव की रणभेरी बज चुकी है और 301 वोटर यहां सात पदों के लिये पदाधिकारी चुनेंगे। 28 फरवरी को चुनाव होगा। यहां एक पैनल को सांसद आशीर्वाद माना जा रहा है। पलड़ा किसके पक्ष में भारी रहेगा ये तो 28 फरवरी की शाम बताएगी, लेकिन इससे चुनाव के जानकार ये मान रहे हैं कि यहां अब चुनाव का नतीजा केवल जीत या हार नहीं बल्कि नाक का सवाल भी बन गया है। ये विशेष मायने रखेगा कि कौन सा पक्ष क्लीन स्वीप करता है और कौन सा पक्ष सीन को क्लोज फाइट पर ले आता है। जहां मुकाबला रोचक भी हो सकता है और मुकाबला एक तरफा भी हो सकता है।

### वो कराएं इलेक्शन, उन्हें क्या पता ब्लड रिलेशन



**करंट क्राइम।** नामांकन के दौरान ये बात उठी कि एक ही परिवार के दो सदस्य नामांकन नहीं कर सकते। ब्लड रिलेशन का हवाला इलेक्शन करवाने वालों ने दिया। बाहर ये बात कही गई और ये गूंज अंदर तक आई। यहां बताने वालों ने जो बात बताई उसमें रिश्तों की डोर बंधी थी। बताया गया कि राजेंद्र मित्तल और संजीव मित्तल भाई हैं। जो चुनाव लड़ रहे हैं वो रविंद्र मित्तल भी रिश्ते में भाई हैं। मोनू गोयल मंत्री वीरो बाबा के सगे भतीजे हैं। राजेंद्र मित्तल वीरो बाबा के जीजा हैं और रिश्ते में वो सुधीर गोयल मोनू के फूफा भी लगते हैं। कहने वाले ने कहा भी कि इलेक्शन वाले इलेक्शन पर ध्यान दें, यहां तो आधी कमेटी और आधी वोटर लिस्ट में रिश्तों का ही ट्विस्ट है।



### किसके थे बोल, सब यही हैं बदलकर रोल



**करंट क्राइम।** रामलीला कमेटी में जब चेहरों की बात चली तो यहां कहने वालों ने कहा कि रोल बदल दिया है बाकी चेहरे वही हैं। गिनाने वालों ने गिना दिया कि जो हर कमेटी में कोषाध्यक्ष बनते थे, वो अब कनिष्ठ उपाध्यक्ष बनने के लिये तैयार हैं। संजीव मित्तल फिर से उसी पद पर आ रहे हैं। कार्यवाहक मंत्री का कार्यभार संभालने वाले दिनेश शर्मा बब्बे फिर से मंत्री पद के लिये हैं। यही बात आई कि केवल वीरो बाबा ही तो बाहर हुए हैं बाकी तो लगभग पूरी कमेटी वही आ रही है। सबने रोल बदले हैं बाकी रामलीला के किरदार वही हैं।

### उस्ताद और खलीफा भी पहुंचे आशीर्वाद देने



**करंट क्राइम।** रविवार का दिन रामलीला की चुनावी इबारत के नाम रहा। दोनों पैनल अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल करने आए। ये ऐसी रामलीला है जिसमें उस्ताद और खलीफा की पुरानी परंपरा है। उस्ताद विशेष रूप से भगवान राम की आरती करते हैं और खलीफाओं को पगड़ी पहनाकर उस्ताद सम्मानित करता है। रविवार को जब नामांकन पत्र दाखिल होने थे तो चुनाव लड़ने वाले सभी योद्धाओं को खलीफा और उस्ताद का भी आशीर्वाद मिला। रामलीला के उस्ताद अशोक कुमार गोयल और खलीफा राजेंद्र मित्तल मेदी वाले रामलीला के सभी उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिये पहुंचे, शुभकामनाएं देने के लिये पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह परंपराओं वाली रामलीला है। यह रामलीला शहर की संस्कृति से जुड़ी है। ये पहली रामलीला है जिसकी शुरूआत रावण के दूत की मुनादी के साथ होती है। उन्होंने कहा कि रामलीला कमेटी पदाधिकारी मतदाता सभी एक परिवार हैं और चुनावी प्रक्रिया आंतरिक लोकतंत्र का हिस्सा है। हम सभी मिलकर प्रभू श्रीराम के कर्म को अपनाएं यही हमारी इच्छा है।

### सुल्लामल के वंशज से लेकर खलीफा तक लड़ रहे हैं चुनाव

करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी के इस चुनाव में सुल्लामल परिवार के वंशज भी चुनावी मैदान में हैं। जो खलीफा की पगड़ी पहन चुके हैं वो भी चुनाव लड़ रहे हैं। रविवार को एक खलीफा अपना आशीर्वाद देने पहुंचे तो दूसरे खलीफा चुनावी पर्चा भर रहे थे। सुल्लामल परिवार से सुमित गर्ग लेखा फरीकाक पद हेतु चनाव मैदान में हैं। बाबा गन हाउस प्रतिष्ठान के मालिक तथा सुल्लामल परिवार के वंशजों में शामिल सुमित गर्ग रामलीला कमेटी के पदाधिकारी रहे स्व. विनोद कुमार वीनू बाबा के सुपुत्र हैं। इसके अलावा मंत्री पद के लिये चुनाव मैदान में फिर से आए दिनेश शर्मा बब्बे रामलीला कमेटी में खलीफा हैं उन्हें बीते वर्ष उस्ताद अशोक गोयल ने पगड़ी पहनाकर खलीफा घोषित किया था।

# क्या नगर निगम नहीं तय कर रहा है साप्ताहिक बाजार का स्थान

## नई वेंडिंग कमेटी और निगम के अधिकारी कब जारी करेंगे लिस्ट

## एक सप्ताह में होना था नई वेंडिंग कमेटी का गठन

### - पर अभी भी जारी है साप्ताहिक बाजार को लेकर संघर्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : गाजियाबाद में नगर निगम को जल्द ही वेंडिंग कमेटी की नई टीम बनानी थी। तो वहीं यह स्थान भी चिन्हित करने थे की साप्ताहिक बाजार कहां पर लगेंगे और कैसे लगेंगे। हालांकि मुख्य सचिव मनोज सिंह ने निर्देश दिया था कि बाजार पहले की तरह यथावत लगेंगे लेकिन नई वेंडिंग कमेटी का गठन, सड़कों पर जाम ना लगे, इसके लिए पीली पट्टी खींचे जाने का आदेश और व्यापारियों की सहमति से अन्य स्थान खोजने की भी बात सामने आई थी, लेकिन लगातार निगम की बैठकें होने के बावजूद भी साप्ताहिक बाजार कहां लगेंगे, यह स्थान नगर निगम के जोनल अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी तय नहीं कर पा रहे हैं। वहीं नई वेंडिंग जोन कमेटी का गठन कब तक हो पायेगा इसको लेकर भी अभी संजय बरकरार है। हालांकि नगर निगम के अधिकारियों ने बीते दो दिन पहले प्रेस रिलीज जारी करके कहा था कि दो दिन के भीतर जोनल प्रभारी बाजार लगाने के नए स्थान का चयन करें। देखना होगा कि आज सोमवार है और क्या प्लान और आदेश साप्ताहिक बाजार को लेकर नगर आयुक्त और वेंडिंग कमेटी की टीम तय करती है।

### क्या फिर डेट लाइन होगी क्रॉस

करंट क्राइम : मुख्य सचिव मनोज सिंह ने एक सप्ताह के भीतर इस पूरे मामले में हल निकालने का निर्देश दिया था। तो वहीं नगर निगम में अब तक हुई दो मीटिंगों के बाद भी नई वेंडिंग कमेटी का चुनाव नहीं हो पाया है। इसके साथ ही नगर जोन से लेकर वसुंधरा और विजयनगर इलाके के साथ ही अन्य स्थानों पर बाजार, पैठ बाजार और साप्ताहिक बाजार कहां लगाए जाएंगे, इसको लेकर अभी कुछ भी फाइनल नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से लगातार साप्ताहिक बाजार वाला मामला गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हॉट इशू बना हुआ है।

### थम नहीं रही है बाजारों को लेकर राजनीति और विरोध

**करंट क्राइम** : नगर निगम जहां साप्ताहिक बाजार का स्थान तय नहीं कर पा रहा है। तो वहीं साप्ताहिक बाजार लगाने वाले पैठ के प्रमुख चेहरों और वेंडिंग कमेटी की नई टीम भी अभी बन नहीं पाई है, जिसकी वजह से यह तय नहीं हो पा रहा है की साप्ताहिक बाजार कहां पर लगवाए जाएं। हालांकि नगर निगम के जोनल प्रभारियों को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा स्थान तय करने और सड़कों पर जाम ना लगे, इसके लिए पीली पट्टी का अभियान तेज कराया था लेकिन इसको लेकर भी राजनीति और विरोध थम नहीं रहा है। उधर लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर जहां साप्ताहिक बाजार के मुद्दे को लेकर लगातार आक्रामक बयानबाजी जारी कर रहे हैं। तो वहीं अभी इसको लेकर आने वाले दिनों में क्या स्थिति बनेगी, यह भी साफ नहीं है। गाजियाबाद नगर निगम अपने प्रयास कर रहा है लेकिन जगह की कमी और उपयुक्त स्थान वाला मामला अभी लटका हुआ बताया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि की तैयारियों में जुटा नगर निगम, दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर हुई बेरीकेटिंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवरात्रि महापर्व के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सभी मंदिरों तथा शिवालयों के बाहर साफ सफाई पेयजल व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में प्राचीन मंदिर दूधेश्वर नाथ के बाहर व्यवस्था को बनाने के लिए निर्माण विभाग द्वारा बेरीकेटिंग की व्यवस्था भी कराई गई है।

मौके पर व्यवस्थाओं को देखने के लिए मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा निरीक्षण भी लगातार किया जा रहा है। क्षेत्रीय निवासियों तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय भी बनाते हुए कार्यों को बेहतर किया जा रहा है। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार, दूधेश्वर नाथ मंदिर के आगे वाले भाग तथा पिछले भाग में भी बैरिकेडिंग कराई गई है बैरिकेडिंग के लिए बांस में रस्सी का इस्तेमाल किया गया है। मजबूती को दृष्टिगत रखते हुए लगभग एक से अधिक फिट खुद कर बैरिकेटिंग कराई गई है। मंदिर प्रांगण से एमजी रोड तक 400 मी तथा पिछले भाग में 300 मीटर तक बैरिकेडिंग की गई है पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए तेजी से कार्य कराया गया है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभाग महाशिवरात्रि पर्व की

संबंधित खबर, पृष्ठ 8

## बजेगी फिर से मोबाइल फोन की घंटी, आएगी चेहरे पर स्माइल

# पुलिस ने ढूंढ लिए 125 मोबाइल, खोल दी चोरों की फाइल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन पुलिस ने रविवार को कमिश्नरेट के छह थानाक्षेत्र के अंतर्गत चोरी, लूटे गए और स्नैचिंग के शिकार हुए पीड़ितों के लगभग 25 लाख रुपए के फोन लौटाने का काम किया है। इस दौरान गाजियाबाद पुलिस की सिटी जोन पुलिस ने 125 लोगों को उनके मोबाइल लौटाए और उनके चेहरे पर स्माइल पहुंचने का काम किया है। लोगों ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों की तारीफ की, तो वहीं यह भी कहा कि उनको उम्मीद नहीं थी कि उनके चोरी और खोए हुए फोन वापस भी मिल सकते हैं। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि नगर जोन पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस, मैनुवली इनपुट की सहायता लेते हुए अलग-अलग कंपनियों के 125 फोन लोगों को सौंपने का काम किया है। पुलिस द्वारा अलग-अलग तकनीक के जरिये मिले मोबाइल फोन जो लौटाए गए हैं, उनकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। डीसीपी सिटी के इस कार्य की प्रशंसना भी हो रही है।

### सिटी जोन पुलिस ने लौटाए 25 लाख के फोन



### मोबाइल बरामद करने में सिहानी गेट रहा टॉप, तो मधुबन बापूधाम फ्लॉप

**करंट क्राइम** : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि सिटी जोन के अंतर्गत पुलिस द्वारा 125 मोबाइल खोज के अलग-अलग पीड़ितों को दिए गए हैं। तो इसमें सबसे ज्यादा मोबाइल बरामद करने का प्रशंसनीय कार्य सिहानी गेट थाना पुलिस ने किया है। यहां से पुलिस ने 60 मोबाइल बरामद करते हुए सौंपे हैं। वहीं कोतवाली थाना ने 23, कवि नगर ने 20, नंदग्राम ने 11, विजय नगर थाना ने 11 और थाना मधुबन बापूधाम पुलिस द्वारा चार मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किए गए हैं। जिन्होंने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन पुलिस को धन्यवाद दिया है।

### मोबाइल मिलने की खुशी, तो किसी को मिला यादों का खजाना







**करंट क्राइम** : लोगों की जिंदगी में मोबाइल एक अभिन्न अंग बन चुका है। लोग मोबाइल में तमाम तरीके का डाटा और यादों को संजोकर रखते हैं। मोबाइल खोने पर उन्हें जितना दुख दर्द और परेशानी महंगे फोन के चोरी या लूटने से होती है। उससे कहीं ज्यादा दर्द इस बात का भी रहता है कि उनके फोन में महत्वपूर्ण वीडियो, फोटो और यादगार लम्हे भी मोबाइल के साथ चले गए लेकिन पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन पुलिस ने सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले छह थानाक्षेत्रों से दर्ज अलग-अलग चोरी, मोबाइल स्नैचिंग और गुमशुदगी के मामलों की जांच करते हुए 125 लोगों को मोबाइल लौटने का काम किया है।

# लोनी के मंडोला से फिर दी राकेश टिकैत ने आंदोलन और दिल्ली के रास्ते रोकने की चेतावनी




### कहा -अब दिल्ली आंदोलन के दौरान कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के गेटों को बंद कर दिया जाएगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के लोनी स्थित मंडोला गांव में रविवार को किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने हिस्सा लिया। जहां मंडोला गांव के किसान 2014 से धरने पर बैठे हैं। यहां आवास विकास द्वारा की गई जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। टिकैत ने कहा कि प्रशासन और सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप कर बातचीत करनी चाहिए। किसान नेताओं ने बताया कि आवास विकास 10 प्रतिशत भूखंड देने की बात कर रहा है, लेकिन उसका बैनामा नहीं कर रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों के घर, खेती-बाड़ी का अधिग्रहण नहीं किया जाना चाहिए। चाहे उनकी बाउंड्री वॉल घास-फूस की ही क्यों न हो।

### टिकैत ने दी चेतावनी कहा बंद कर देंगे एक्सप्रेस-वे के गेट

**करंट क्राइम** : किसान नेता राकेश टिकैत ने रविवार को लोनी के मडोला गांव में चेतावनी दी कि अगर सरकार और प्रशासन ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली आंदोलन के दौरान कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के गेटों को बंद कर दिया जाएगा। आगे की बैठकें भी गेट पर ही होंगी। महापंचायत में पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि नियम है कि अगर फूस की दीवार भी है, तो उसका अधिग्रहण नहीं होना चाहिए। ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन और सख्त होगा। बैठक केएमपी से अंदर की ओर हुई है। अब जब भी दिल्ली का आंदोलन होगा, वह केएमपी के गेट पर होगा। दिल्ली को इसकी जरिए चारों तरफ से घेरा जाएगा। जहां-जहां भी केएमपी के गेट होंगे, वहां के अध्यक्ष इसकी जिम्मेदारी लेंगे। एक बड़ी लड़ाई की तैयारी होगी। दिल्ली अब घिरेगी तो इसी केएमपी से घिरेगी।

### गन्ने का दाम भी नहीं बढ़ाया गया : राकेश टिकैत

**करंट क्राइम** : किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि ये किसान 2016 से बैठे हैं। यहां काम रुकवाने पड़ेंगे। यमुना प्राधिकरण और लखनऊ प्राधिकरण से जो लोग लड़ रहे हैं, उन्हें यहां भेजेंगे। भूमि अधिग्रहण में जो नोएडा के किसानों को मिल रहा, वही यहां पर दिया जाए। केएमपी के आसपास के जिलों में भूमि अधिग्रहण के आंदोलन करेंगे। राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने गन्ना का पिछला बकाया भुगतान नहीं किया। फसल बोने से पहले भुगतान मिलना चाहिए था। गन्ने का दाम भी नहीं बढ़ाया है। यह किसानों के साथ धोखा किया है। फसल बोने से पहले फसल के दाम तय हो जाने चाहिए। उन्होंने किसानों ने अपील करते हुए कहा कि फसल की लागत थोड़ी कम कर लो। फसल की पैदावार कम हो ताकि सरकार और गन्ना मिल वाले आएं कि गन्ना की पैदावार कर दो। उन्होंने कहा कि एक दिन देश में एग्रीकल्चर (खेती-किसानी) हड़ताल भी होगी।

## संपादकीय

# मुफ्त की रेवड़ी

सरकारों को शायद अब इस बात की चिंता बिल्कुल नहीं रह गई है कि मुफ्त की योजनाएं चलाने से खजाने पर पड़ने वाले बोझ की भरपाई कहां से हो पाएगी। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय भी नसीहत दे चुका है और अनेक अर्थ-विशेषज्ञ सावधान करते रहे हैं, पर हर सरकार चुनावी समीकरण को ध्यान में रखते हुए न केवल पहले से चल रही मुफ्त की योजनाओं को जारी रखने का प्रयास करती हैं, बल्कि कुछ नई योजनाएं भी घोषित करती देखी जाती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का इस वर्ष का बजट इसका ताजा उदाहरण है। वहां पहले से विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं को मुफ्त लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल फोन आदि बांटने की योजना चल रही है। इस बजट में मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए चार सौ करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। आठ लाख आठ हजार सात सौ छत्तीस करोड़ रुपए के इस बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 9.8 फीसद अधिक धन का प्रावधान किया गया है। मगर बजट का काफी बड़ा हिस्सा मथुरा-वृंदावन और मीरजापुर जैसी जगहों पर धार्मिक गलियारों के विकास, मंदिरों के जीर्णोद्धार-पुनरुद्धार और द्रुतगामी मार्गों के लिए आबंटित किया गया है। इसके अलावा, पहले से चल रही लखपती दीदी जैसी योजनाओं का दायरा और बढ़ाने के लिए बड़ी राशि आबंटित की गई है।

बजट सरकार के कामकाज का आईना होते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि कोई सरकार अगले एक वर्ष में क्या काम करने जा रही है और उसकी प्राथमिकता क्या होगी। अपेक्षा की जाती है कि सरकारें जनकल्याण और सामाजिक कल्याण के कार्यों पर अधिक खर्च करें। ऐसी योजनाओं को प्रोत्साहित करें, जिससे राज्य और देश के आर्थिक विकास को बल मिले। मुफ्त की योजनाओं का व्यापक अनुभव यही रहा है कि वे अनुत्पादक साबित होती हैं। उनसे सरकार पर वित्तीय बोझ ही बढ़ता है। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकारें मुफ्त की योजनाएं चला कर लोगों को अकर्मण्य बना रही हैं।

इसके बावजूद अगर उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने बजट में चार सौ करोड़ रुपए मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए आबंटित किए हैं, तो जाहिर है, उसका मकसद अगले चुनाव में लोगों को आकर्षित करने का है, इसके कोई उत्पादक नतीजे नहीं निकलने वाले। इसके बरक्स विचित्र है कि सरकार ने उच्च शैक्षिक संस्थानों और राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत ढांचा मजबूत करने के लिए महज पचास करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। नए बन रहे महाविद्यालयों के लिए भी पचास करोड़ रुपए तय किए हैं।

उत्तर प्रदेश में शिक्षा के स्तर को लेकर अनेक बार अंगुलियां उठती रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं में नकल, प्रतियोगी परीक्षाओं में पचाफीड़ और अनियमितताओं आदि को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में अगर मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी दे भी दी जाए, तो उनके जीवन में कितना बदलाव आ जाएगा, कहना मुश्किल है। अगर शिक्षा का स्तर सुधारने को लेकर सरकार सचमुच संजीदा होती, तो वह शैक्षिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं बेहतर बनाने, स्कूल-कालेजों में अध्यापकों के खाली पदों पर भर्ती आदि पर जोर देती। स्कूटी, लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल जैसे साधन देने से वास्तव में उन्हें कितना लाभ मिलेगा, इसका आकलन शायद नहीं किया गया। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार इकलौती नहीं है, जो ऐसी मुफ्त की योजनाओं पर जोर दे रही है, ज्यादातर राज्य सरकारों ने यही रास्ता पकड़ रखा है।

# फरवरी में शेयर बाजार से निकले 23,710 करोड़ रुपये

## पिछले महीने के मुकाबले संभली स्थिति




**मुंबई।** पिछले काफी समय से शेयर बाजार में लगातार गिरावट का दौर जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि, बाजार में लगातार हो रही गिरावट के पीछे की वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही पैसे के निकासी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इस तरह 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयरों से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाल चुके हैं।

**पिछले महीने के मुकाबले इस महीने संभली स्थित :** डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (21 फरवरी तक) भारतीय शेयरों से 23,710 करोड़ रुपये निकाले हैं। जबकि पिछले जनवरी में उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। साल 2025 में अबतक एफपीआई 1,01,737 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इतनी जबरदस्त बिकवाली के चलते निफ्टी ने भी चार प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है।

**बॉन्ड बाजार से भी निकासी :** समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार से भी निकासी हुई है। उन्होंने बॉन्ड में सामान्य सीमा के तहत 7,352 करोड़ रुपये और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 3,822 करोड़ रुपये निकाले हैं। कुल मिलाकर विदेशी निवेशकों सतर्क रुख अपना रहे हैं।

एफपीआई का 2024 में भारतीय बाजार में निवेश काफी कम होकर 427 करोड़ रुपये रहा था। इससे पहले 2023 में उन्होंने भारतीय बाजार में 1.71 लाख करोड़ रुपये डाले थे, जबकि 2022 में वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि के बीच 1.21 लाख करोड़ रुपये की निकासी की थी।

# सोना 700 रुपये टूटकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 300 रुपये फिसली



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की कमजोर मांग के कारण शुक्रवार को देश की राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पर पहुंच गई। इसके साथ ही मूल्यवान धातु के भाव रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गए।

**कमजोर वैश्विक रुझानों से सोने की गिरावट को मिला बल :** अखिल भारतीय सरार्फा संघ के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 700 रुपये घटकर 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कमजोर वैश्विक रुझानों के कारण भी गिरावट को बल मिला। स्थानीय बाजार में चांदी की भी कीमत 300 रुपए गिरकर एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई।

एमसीएक्स पर सोना 85,900 रुपये से 85,400 रुपये के बीच कारोबार करता दिखा

वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर अप्रैल आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 225 रुपये घटकर 85,799 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोने का भाव कमजोर रहा और इसमें उतार-चढ़ाव रहा। एमसीएक्स पर सोना 85,900 रुपये से 85,400 रुपये के बीच रहा, जबकि डॉलर सूचकांक के स्थिर रहने के बावजूद रुपये की कमजोरी ने कीमतों को 85,350 रुपये से ऊपर बनाए रखा।

इसके अलावा, त्रिवेदी ने बताया कि बाजार सहभागियों का ध्यान आगामी विनिर्माण, सेवाओं और मौजूदा घरेलू बिक्री के आंकड़ों पर रहेगा, जिससे सोने की कीमतों में अस्थिरता बढ़ सकती है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च आपूर्ति के लिए चांदी वायदा 283 रुपये की गिरावट के साथ 96,830 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। इस बीच, अप्रैल आपूर्ति के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 11.19 डॉलर की गिरावट के साथ 2,944.91 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

# महंगाई काबू में, इसलिए रीपो रेट घटाया: आरबीआई गवर्नर



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति की फरवरी की बैठक में रीपो दर में कटौती इसलिए की गई क्योंकि महंगाई के लक्ष्य के अनुरूप रहने की उम्मीद है और साथ ही इस तथ्य पर जोर दिया गया है कि मौद्रिक नीति भविष्य के अनुरूप है। आरबीआई ने चौथी तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के 4.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह 4.2 फीसदी है।

उन्होंने कहा कि अच्छी खरीफ फसल के आने, सर्दियों में सब्जियों के दाम कम होने और रबी की अच्छी फसल की उम्मीद से खाद्य महंगाई में काफी कमी दिखने की उम्मीद है। मल्होत्रा ने कहा, खाद्य मुद्रास्फीति से जुड़ा नजरिया अब निर्णायक तौर पर सकारात्मक हो रहा है। इससे महंगाई को नियंत्रित करने और वित्त वर्ष 2025-26 तक लक्ष्य तक लाने में मदद मिलेगी।

फरवरी में मौद्रिक समिति की बैठक का नेतृत्व मल्होत्रा ने किया था और इस बैठक में नीतिगत रीपो दर को 25 आधार अंक घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया। यह पांच साल बाद पहली बार हुआ। मौद्रिक नीति में ढील दिए जाने के साथ-साथ, कृषि क्षेत्र में वृद्धि और केंद्रीय बजट में वृद्धि को बढ़ावा देने वाले उपायों के चलते मांग में तेजी आने के रुझानों पर टिप्पणी करते हुए मल्होत्रा ने वैश्विक वित्तीय बाजार और व्यापार नीति के मोर्चे पर बढ़ती अनिश्चितता को लेकर चेतावनी दी।

उन्होंने यह भी कहा कि विपरीत मौसमी घटनाओं के बढ़ते जोखिम के चलते महंगाई और वृद्धि पर खतरा बना रहेगा। उन्होंने कहा, हमें इन चीजों पर नजर रखनी होगी।आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने यह चेतावनी भी दी कि मौजूदा माहौल अनिश्चितताओं से भरा है ऐसे में सतर्कता बरतने के साथ ही कदम उठाने में भी सक्रियता दिखानी होगी। हालांकि उन्होंने इस बात पर भी सहमति जताई कि मुद्रास्फीति को लेकर नजरिया अनुकूल हो रहा है।

उन्होंने कहा कि बैंकों के नकद आरक्षी अनुपात में कमी सहित नकदी से जुड़े कुछ उपाय करने के चलते अनुकूल तरीके से ब्याज दरों में कटौती का फायदा लोगों तक पहुंचाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, ह्यमौद्रिक नीति से जुड़े उपायों के साथ-साथ बजट में घोषित राजकोषीय उपायों से मांग में तेजी आनी चाहिए। इसके अलावा सरकार ने राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की दोबारा पुष्टि की है जिसके चलते मध्यम-अवधि में महंगाई की उम्मीदों को स्थिर रखने में मदद मिलनी चाहिए।

एक अन्य आंतरिक सदस्य राजीव रंजन ने कहा कि अक्टूबर की मौद्रिक नीति में दिए गए बयान में एक छोटा सा बदलाव किया गया जिससे दरों में कटौती की संभावना के संकेत मिले। रंजन ने कहा कि एमपीसी द्वारा अपनाए गए कदमों के अनुरूप फरवरी 2025 में नीतिगत दर कटौती सबसे तार्किक और उपयुक्त कदम है क्योंकि महंगाई घटने को लेकर काफी आत्मविश्वास है।

# अमेरिकी टैरिफ से कैसे प्रभावित होगा भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात?

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति के सभी देशों पर समान टैरिफ लगाने के ऐलान से केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को 500 अरब डॉलर मूल्य तक बढ़ाने के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। खास यह कि 2030 तक 200 अरब डॉलर अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात से आने की संभावना है।



वित्त वर्ष 2024 तक के आंकड़ों के मुताबिक भारत के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अमेरिका सबसे बड़ा बाजार है। इंजीनियरिंग और पेट्रोलियम उत्पादों के बाद अप्रैल और नवंबर 2024 के बीच सबसे अधिक 22.54 अरब डॉलर के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद तीसरी सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली वस्तु है।

सरकार के साथ चर्चा के मकसद से विस्तृत विश्लेषण में एकत्र किए जा रहे उद्योग अनुमानों के मुताबिक भारत में लगभग 477 हामोर्नाइज्ड सिस्टम (एचएस) कोड वस्तुओं के अंतर्गत सभी इलेक्ट्रॉनिक्स आयात पर औसत शुल्क 9 प्रतिशत से अधिक लगता है। तुलनात्मक रूप से अमेरिका में इलेक्ट्रॉनिक्स आयात पर औसत टैरिफ केवल 1 प्रतिशत है और लगभग 80 प्रतिशत वस्तुएं शून्य शुल्क श्रेणी में आती हैं। परिणामस्वरूप अमेरिका के मुकाबले इलेक्ट्रॉनिक्स पर भारत का औसत टैरिफ 8 प्रतिशत अधिक है। यदि सरकार अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव से बचना चाहती है तो उसे सभी उत्पादों पर टैरिफ के इस अंतर को कम करना होगा।

अमेरिका को इस समय टेलीकम्युनिकेशन उत्पाद, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे टेलीविजन, लैपटॉप, सर्वर, हियरेबल्स, वियरेबल्स के साथ-साथ सोलर पैनल आदि निर्यात किए जा रहे हैं, जिसमें एचएस कोड पर आधारित मोबाइल उपकरणों ने निर्यात के मामे में गैर-औद्योगिक डायमंड को पीछे छोड़ दिया है। सोलर पैनल निर्यात के लिए भी अमेरिका सबसे बड़ा बाजार है। भारत से कुल सोलर पैनल निर्यात में 97 प्रतिशत माल अमेरिका जाता है।

## राशिफल

**मेष:** कोर्ट के मामले से दूर रहें। खास लोगों से मुलाकात होगी। क्रोध पर संयम रखें। परिवार से सहयोग मिलेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

**वृष:** पदोन्नति के योग हैं। पुराने अटके काम पूरे होंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मिथुन:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। अपनों के साथ संयम से व्यवहार करें। पुराना रोग उभर सकता है। बनते कामों में बाधा संभव है। गुस्से पर काबू रखें।

**कर्क:** थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। कार्य की प्रशंसा होगी। रुके कार्य बनने लगेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम-जमानत के कार्य टालें। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह:** घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। मान बढ़ेगा। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कन्या:** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला:** योजना फलीभूत होगी जिसका लाभ तत्काल नहीं मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। आलस्य का अनुभव होगा।

**वृश्चिक:** कोर्ट व कचहरी के मामले सुलझ सकते हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। क्रोध न करें। उच्चाधिकारी संतुष्ट नहीं होंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु:** परेशानी बढ़ने का समय है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों के भरोसे कार्य न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें।

**मकर:** तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आय के स्रोत बढ़ेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। व्यवसाय ठीक रहेगा।

**कुंभ:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मीन:** यात्रा लाभदायक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। आलस्य हावी रहेगा।

## चुटकुले

मां- देखो बेटा शरारती लड़कों से दूर रहा करो।
लड़का- मां, मैं इसी वजह से तो स्कूल नहीं जाता।
सुनते ही मां के उड़ गए होश

बेटा- मां मैं एक दिन बहुत बड़ा आदमी बनूंगा, आपकी झोली खुशियों से भर दूंगा।
मां- पहले ये बोतलें भरकर फ्रिज में रख नालायक।

क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा - बताओ, कांटों भरे रास्ते पर आपका साथ कौन देगा,
पति, पत्नी, भाई, बहन, मां-बाप, प्रेमी, प्रेमिका या दोस्त...?
पप्पू खड़े होकर बोला - सर चप्पल...!
फिर मास्टर जी ने भी चप्पल से की पप्पू की पिटाई...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- प्रिंस चार्ल्स और प्रिंस विलियम्स ट्रैवलिंग के लिए हमेशा अलग-अलग प्लेन का प्रयोग करते हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि कभी प्लेन क्रैश हो जाए तो दोनों में से कोई एक तो जीवित रहेगा ही।
- घड़ी एक ऐसी चीज है जो हर जगह होती है। आप पार्टी कर रहे हों या मीटिंग में हों, समय की पाबंदी हर जगह होती है। इस नियम को तोड़ते हुए लॉसवेगास के एक कसीनो ने किसी भी तरह की घड़ी नहीं लगाई है। कसीनो के मालिक का मानना है कि यहां आप समय की पाबंदी के बिना मस्ती कर सकते हैं।
- तानाशाह जर्मन शासक हिटलर बचपन में पादरी बनना चाहता था. सबसे बड़ी बात कि जिस इंसान से आज भी लोग खौफ खाते हैं, उसे बिल्लियों से डर लगता था। यही डर नेपोलियन को भी था।
- जियोलॉजिस्ट चार्ल्स डार्विन ज्यादातर उन सभी जानवरों को खाते भी थे, जिनकी उन्होंने खोज की थी।
- दुनिया का सबसे बड़ा परिवार भारत में रहता है। इस परिवार में एक व्यक्ति की 39 पत्नियां और 94 बच्चे हैं। यह सभी लोग 100 कमरों के 4 मंजिला घर में रहते हैं।
- हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट को फिल्म 'सेवन ईयर इन तिब्बत' में काम करने की वजह से चीन में जाने की पाबंदी है।
- तानाशाही शासक के तौर पर पहचान रखने वाले सद्दाम हुसैन के बारे में आपको यह नहीं पता होगा वह लेखक भी थे। सद्दाम ने Zabiba and the King नाम की किताब लिखी था, जो 2000 में प्रकाशित हुई।




दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# विराट कोहली ने जड़ा 51वां वनडे शतक... 15 महीने बाद निकली सेंचुरी, पाकिस्तानी गेंदबाजों को धोया



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का बल्ला एक बार फिर जमकर चला है। उन्होंने 15 महीने बाद वनडे क्रिकेट में अपना शतक जमाया है। उन्होंने यह उपलब्धि रविवार (23 फरवरी) को हासिल की। कोहली ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 111 गेंदों पर शतक पूरा किया।वनडे क्रिकेट में कोहली का यह 51वां शतक है। ऐसा करने वाले वो दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर 49 शतक के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

दरअसल, चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के तहत रविवार को भारतीय टीम और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला गया। मैच में पाकिस्तान ने 242 रन का टारगेट दिया था। जिसके जवाब में भारतीय टीम ने 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया।

मैच में कोहली का बल्ला जमकर चला। उन्होंने 111 गेंदों पर शतक जमाया। इस दौरान उन्होंने 7 चौके जमाए। कोहली ने वनडे क्रिकेट में 15 महीने



बाद यह शतक लगाया है। इससे पहले उन्होंने 15 नवंबर 2023 को शतकीय पारी खेली थी। तब कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े में हुए मुकाबले में 117 रन बनाए थे।

## कोहली ने तोड़ दिया सचिन का ये धांसू रिकॉर्ड

इस शतकीय पारी के साथ कोहली ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। उन्होंने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का एक धांसू रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कोहली अब वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने यह उपलब्धि 299वें वनडे मैच की 287वीं पारी में हासिल की है। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन के नाम था, जिन्होंने 350वीं पारी में यह रिकॉर्ड बनाया था। सचिन के बाद श्रीलंका के कुमार संगकारा का नंबर था, जिन्होंने 378 पारियों में 14 हजार वनडे रन बनाए थे। बता दें कि कोहली ने चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन बनाए थे। तब वो इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड से सिर्फ 15 रन दूर रह गए थे। मगर अब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेले गए इस मुकाबले में यह कीर्तिमान हासिल कर लिया है। कोहली ने 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर चौका जमाते हुए यह रिकॉर्ड बनाया है।

# टॉप्स खिलाड़ियों को इस ओलंपिक सत्र में भत्ते में बढ़ोतरी लेकिन हर छह महीने पर समीक्षा



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के लिए चुने गए खिलाड़ियों को इस ओलंपिक चक्र में अभ्यास और विदेश में स्पधाओं के दौरान मिलने वाले भत्ते में बढ़ोतरी की जाएगी, लेकिन उन्हें हर छह महीने में समीक्षा की प्रक्रिया के तहत शारीरिक और मनोवैज्ञानिक टेस्ट देने होंगे। टॉप्स का कोर समूह 179 से घटाकर 94 कर दिया गया है और डेवलपमेंटल सूची में 112 खिलाड़ी हैं। एक ओलंपिक चक्र पूरा होने के बाद यह आम रूटीन होता है लेकिन तैराकी, स्क्वॉश, गोल्फ और टेनिस जैसे खेलों का कोर सूची में नाम नहीं है।

**कोर समूह में 52 पैरा एथलीट और 42 सामान्य एथलीट हैं। पेरिस पैरालम्पिक में भारत ने सात स्वर्ण समेत 29 पदक जीतकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था।**

कोर समूह में 52 पैरा एथलीट और 42 सामान्य एथलीट हैं। पेरिस पैरालम्पिक में भारत ने सात स्वर्ण समेत 29 पदक जीतकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था। सूची में शामिल खिलाड़ियों को विदेश में अभ्यास या स्पर्धा के दौरान 25 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन और 50000 रुपए (कोर समूह) और 25000 रुपए (डेवलपमेंटल समूह) महीना दिया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के एक सदस्य ने बताया, 'कोर समूह अगले ओलंपिक यानी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का अल्पकालिन लक्ष्य लेकर बनाया गया है जबकि डेवलपमेंटल समूह 2032 ओलंपिक और शायद 2036 को ध्यान में रखकर बनाया गया है।'

सूत्र ने कहा, 'हम यह भी कोशिश कर रहे हैं कि चोटों में कमी आए। इसके लिए नियमित तौर पर शारीरिक और मनोवैज्ञानिक टेस्ट होंगे। पहले भी टेस्ट होते थे, लेकिन अब हमने अवधि तय कर दी है और ये टेस्ट अनिवार्य होंगे।' कोर सूची में कोई पुरूष मुक्केबाज नहीं है और एथलेटिक्स में भी तीन (पिछली बार से 27 कम) ही जगह बना सके हैं। खराब फॉर्म से जूझ रहे बैडमिंटन खिलाड़ी के श्रीकांत और अश्विनी पोनप्पा के अलावा भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी सुमित नागल भी इससे बाहर हो गए हैं।

रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी और भारोत्तोलक मीराबाई चानू इसमें जगह बनाने में कामयाब रही हैं जो हैरानी की बात है। दीपिका कई बार ओलंपिक में नाकाम रह चुकी हैं, जबकि टोक्यो में रजत पदक जीतने के बाद मीराबाई पेरिस में चौथे स्थान पर रही। दोनों 30 पार की हैं। दीपिका का ओलंपिक में भविष्य अनिश्चित है जबकि मीराबाई लगातार चोटों से जूझती रही हैं। सूत्र ने कहा, 'हमें ऐसा कोई नहीं मिला जो दीपिका को हरा सके तो उसे कैसे हटायें। उसने पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया था और नॉकआउट तक पहुंची थी। मीराबाई की फिटनेस पर नजर रखी जाएगी।'

## खेलो इंडिया स्टेट वूमेंस लीग वूशु की धमाकेदार शुरूआत

# डिप्टी मेयर मोनालिसा का दिखा अनोखा अंदाज

**नई दिल्ली।** मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर स्थित खेल भवन के प्रांगण में खेलो इंडिया स्टेट लेवल वूमेंस वूशु लीग की शानदार शुरूआत हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। डिप्टी मेयर डॉ. मोनालिसा ने खुद वूशु खेलकर टूनामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय वूशु खिलाड़ी ईशा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

### खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त जोश

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत की गई। खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। विभिन्न जिलों से आई महिला खिलाड़ियों ने अपने जोश और हुनर से माहौल को रोमांचक बना दिया। डिप्टी मेयर डॉ. मोनालिसा ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत राज्य स्तर पर इस तरह के आयोजन से



खिलाड़ियों में न सिर्फ प्रतिस्पर्धा की भावना जागती है, बल्कि खेल के प्रति उनका समर्पण और जुनून भी बढ़ता है। सरकार की यह पहल सराहनीय है, क्योंकि यह खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मौका देती है।

वूशु बिहार की महासचिव सुमन मिश्रा ने बताया कि इस टूनामेंट में बिहार के विभिन्न जिलों के 300 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि वूशु एक चीनी मार्शल आर्ट है, जिसे दो तरह से खेला जाता है और यह तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बिहार के कई खिलाड़ियों ने इस खेल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार होते हैं। टूनामेंट के पहले दिन महिला खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया। अगले दो दिनों तक इस प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें आगे की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए मार्गदर्शन भी मिलेगा।

# पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया को सपोर्ट करने पहुंचे जसप्रीत बुमराह, खिलाड़ियों से की मुलाकात

- **जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया टूर पर चोट लगी गई थी। इसके चलते वह आखिरी टेस्ट के फाइनल सेशन में गेंदबाजी भी नहीं कर पाए थे।**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान मैच के दौरान टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह का भी साथ मिलेगा। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जस्सी टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं बावजूद इसके वह दुबई पहुंचे। असल में बुमराह मैदान में बैठकर टीम इंडिया का हौसला बढ़ाएंगे। बता दें कि, जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया टूर पर चोट लगी गई थी। इसके चलते वह आखिरी टेस्ट के फाइनल सेशन में गेंदबाजी भी नहीं कर पाए थे। इस चोट के चलते ही बुमराह पिछले कुछ अरसे से टीम से बाहर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भी



वह जगह नहीं बना पाए थे। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया के सितारों से मुलाकात की और विराट कोहली ने उन्हें गले लगाया। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। वहीं टीम ने फखर जमान की जगह इमाम-उल-हक को मौका दिया है। इस रोमांचक मुकाबले के लिए बुमराह भी खुद को बाहर नहीं रख पाए और दुबई पहुंच गए। चैंपियंस ट्रॉफी का ये पांचवां मैच है। अभी तक भारत और पाकिस्तान ने दोनों ने एक-एक मैच ही खेला है। जहां भारत की टीम ने टूनामेंट में बांग्लादेश को हराकर विजयी आगाज किया है। जबकि पाकिस्तान की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में पाकिस्तान के लिए ये मैच काफी अहम हो गया है। अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ ये मुकाबला हार जाती तो फिर उसके लिए टूनामेंट में बने रहना काफी मुश्किल हो जाएगा।

# जीत के क्रम को इंग्लैंड के खिलाफ दोहराने उतरेगी भारतीय पुरूष हॉकी टीम

## आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढा

- **इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4 . 1 से हराया।**

**नई दिल्ली।** आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। टूनामेंट में औसत शुरूआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी।

दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे



पिछले मैच में स्पेन ने 4 . 1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नये सत्र में आशातीत शुरूआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3 . 1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2 . 0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4 . 1 से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढा होगा। भारत के लिये मनदीप सिंह, जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, नीलम सेस, अभिषेक और शमशेर ने पिछले दो मैचों में 3 . 1 और 4 . 0 से मिली जीत में गोल दागे। वहीं इंग्लैंड ने शूटआउट में जीत दर्ज करने के बाद स्पेन के खिलाफ दूसरा मुकाबला 1 . 4 से गंवा दिया। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम अब पांचवीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम के खिलाफ जीत की राह पर लौटने को बेताब होगी।

इंग्लैंड की उम्मीदों का दारोमदार अनुभवी सैम वार्ड पर होगा जो अब तक लीग के इस सत्र में नौ गोल कर चुके हैं और सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के लिये हालांकि भारत की रक्षापंक्ति को भेदना उतना आसान नहीं होगा जो प्रो लीग 2024 . 25 में बेहतरीन फॉर्म में है। भारत ने अब तक सिर्फ आठ गोल गंवाये हैं और नौ टीमों में वह सबसे कम गोल गंवाने वाली टीम है।

# हेनरी और गौड़ के दमदार प्रदर्शन से यूपी वारियर्स का इस सत्र में खुला खाता, दिल्ली कैपिटल्स को हराया

**बेंगलुरू।** चिनेले हेनरी (62) ने टूनामेंट के सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी की जबकि क्रांति गौड़ और ग्रेस हैरिस ने चार चार विकेट लिये जिसके दम पर यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग के इस सत्र में पहली जीत दर्ज करते हुए शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 33 रन से हराया। वेस्टइंडीज की हेनरी ने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 62 रन बनाये जिससे यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 177 रन बनाये। जवाब में दिल्ली की टीम 19.3 ओवर में 144 रन ही बना सके। 21 वर्ष की गौड़ ने दिल्ली के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों शेफाली वर्मा (24), मेग लैनिंग (पांच), जेमिमा रौड्रिग्स (56) और बाद में जेस जोनासेन (5) को आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट चटकाये। इससे पहले एक समय पर यूपी के छह



विकेट 14 ओवर में 91 रन पर गिर चुके थे। वेस्टइंडीज की दाहिने हाथ की बल्लेबाज हेनरी ने अरूंधति रेड्डी को 19वें ओवर में तीन छक्के लगाकर 18 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने गुजरात जाइंट्स की सोफिया डंकली के रिकॉर्ड की बराबरी की। जिन्होंने 2023 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ यह कारनामा किया था। आठवें नंबर पर उतरी हेनरी की इस पारी के दम पर यूपी ने दमदार स्कोर बनाया जबकि उसके विशेषज्ञ बल्लेबाज कुछ कर पाने में नाकाम रहे थे। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की ताजा पिच पर दिल्ली के गेंदबाजों ने यूपी के छह विकेट 89 रन पर निकाल दिये थे। यूपी के लिये किरण नवगिरे ने 20 गेंद में 17 रन बनाये। इससे पहले मरियाने काप ने वृंदा दिनेश (4) को सस्ते में आउट किया। जेस जोनासेन ने दीप्ति शर्मा (13) और ताहलिया मैकग्रा (24) के विकेट लिये जबकि काप ने 13वें ओवर में ग्रेस हैरिस (2) को पवेलियन भेजा।

# इंग्लिस-कैरी की पार्टनरशिप से ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड रनचेज

## चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ 356 रन बनाए; जोस इंग्लिस की सेंचुरी

**लाहौर।** जोश इंग्लिस और एलेक्स कैरी की सेंचुरी पार्टनरशिप के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी में रिकॉर्ड रन चेज कर दिखाया। शनिवार को इंग्लैंड ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 351 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 47.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 356 रन बना दिए। प्लेयर ऑफ द मैच जोश इंग्लिस ने 86 बॉल पर 120 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और वनडे वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया। इससे पहले 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में 345 रन बनाए थे। इंग्लैंड से बेन डकेट ने 165 रन बनाए। यह चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर भी रहा।

352 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कंगारू टीम ने 122 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां जोश









इंग्लिस बैटिंग करने आए। उन्होंने पहली ही गेंद पर चौका लगाया। फिर 41 गेंद पर फिफ्टी और 77 गेंद पर सेंचुरी लगा दी। उन्होंने एलेक्स कैरी के साथ 5वें विकेट के लिए 146 रन की पार्टनरशिप की और टीम को मैच में बनाए रखा। इंग्लिस ने 120 रन की पारी खेली और टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड से बैटिंग के दौरान ओपनर बेन डकेट ने 165 रन की पारी खेली। उन्होंने 17 चौके और 3 छक्के लगाए। डकेट ने जो रूट के साथ 158 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 48वें ओवर तक बैटिंग की और टीम को 320 के पार पहुंचाया। उनका स्कोर चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास का सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने 136 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां इंग्लिस और कैरी ने पारी संभाली। इसी बीच जोफ्रा आर्चर ने कैरी का आसान कैच छोड़ दिया। जिसके बाद कैरी ने 63 गेंद पर 69 रन बनाए और इंग्लिस के साथ 146 रन की पार्टनरशिप की। इसी साझेदारी ने इंग्लैंड के हाथ से मैच छीन लिया।

डकेट की सेंचुरी से इंग्लैंड ने बनाए 351 रन लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने 43 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। यहां डकेट और रूट ने 158 रन की पार्टनरशिप की। रूट ने 68 रन बनाए। उनके बाद डकेट एक एंड पर टिक गए और बाकी बैटर्स के साथ मिलकर टीम को 351 रन तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इससे पहले 2004 में न्यूजीलैंड ने अमेरिका के खिलाफ 347 रन का स्कोर बनाया था। ऑस्ट्रेलिया से बेन ड्वारशस ने 3 विकेट लिए। एडम जम्पा और मार्नस लाबुशेन के हाथ 2-2 विकेट आए।

इंग्लिस-कैरी ने ऑस्ट्रेलिया को जिताया 352 रन के टारगेट के सामने ऑस्ट्रेलिया ने 27 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। मैथ्यू शॉर्ट ने 63 रन बनाकर मार्नस लाबुशेन के साथ 95 रन की पार्टनरशिप की। लाबुशेन ने 47 रन बनाए। इंग्लिस और कैरी ने फिर 146 रन की पार्टनरशिप की।

आखिर में ग्लेन मैक्सवेल ने 15 गेंद पर 32 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी। इंग्लिस 86 गेंद पर 120 रन बनाकर नॉटआउट रहे। इंग्लैंड से मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स, लियम लिविंगस्टन और आदिल रशीद ने 1-1 विकेट लिया।

# हार्दिक पंड्या ने कहा, मैंने अपने प्रशंसकों का दिल फिर से जीत लिया है

**मुंबई।** भारत के हरफनमौला हार्दिक पंड्या को लगता है कि पिछले साल वेस्टइंडीज में आईसीसी टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद उन्होंने अपने प्रशंसकों का दिल फिर से जीत लिया है।

पंड्या को पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया था। वह गुजरात टाइटंस को छोड़कर वापस मुंबई की टीम से जुड़े थे। इसके बाद मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों ने लगातार उनको निशाने पर रखा था।



पंड्या ने हालांकि इस नकारात्मकता को पीछे छोड़कर अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत 2007 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता को जीतने में सफल रहा।

पंड्या ने इस टूनामेंट में 144 रन बनाने के साथ 11 विकेट भी लिए। पंड्या ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में कहा, मेरे लिए जीवन एक पूर्ण चक्र में आ गया है। मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैंने उन्हें (प्रशंसकों का दिल) वापस जीत लिया है।

भारत अभी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग ले रहा है और हार्दिक ने कहा कि खिलाड़ियों का ध्यान अब एक और ट्रॉफी जीतने पर लगा है। उन्होंने कहा, अब नया साल है, एक नया टूनामेंट है और नई चुनौतियां हमारा इंतजार कर रहे हैं। फिर से चैंपियन बनने की कवायद शुरू हो गई है।

हार्दिक ने कहा, हम फिर से नई शुरूआत करने के लिए मैदान पर उतरेंगे। हम एक और दिन में एक और प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए उतरेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी में एक और अध्याय हमारा इंतजार कर रहा है। इसलिए एक ऐसे मुकाबले के लिए तैयार हो जाइए जिसको किसी तरह के परिचय की जरूरत नहीं है।

# विधायक नंद किशोर गुर्जर के पुत्र नागेश के रिसेप्शन में पहुंचे गणमान्य



गाजियाबाद करंट क्राइम। लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के पुत्र नागेश के विवाह रिसेप्शन में राजनीति के दिग्गज पहुंचे और वर वधु को आशीर्वाद दिया। इस समारोह में समाज के सभी वर्गो के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।




## जलाभिषेक ड्यूटी में होगा कईयों का टेस्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम मे होने वाले सभी बड़े आयोजनों व विशेष कार्याक्रमों के पुलिस की ओर से कमिश्नरेट सिसटम में पूरे और पुख्ता बंदोबस्त देखने को मिलते हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में लगभग 24 घंटे से अधिक शहर के सबसे प्रमुख मठ पर सुरक्षा का पहरा देना हैं। सुरक्षा का पहरा गहरा हो, इसके लिए बाकायदा पूरी प्लानिंग कर ली गई है। बताया रहा है कि पुलिस के शीर्ष अधिकारियों से लेकर जोन से लेकर इलाके वाले एसीपी तक नहीं पूरा निरीक्षण कर लिया है। वहीं किन-किन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जानी है, उसका भी चार्ट तैयार हो गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जलाभिषेक के बाद कमिश्नरेट से लेकर प्रदेश और कई अन्य जनपदों के समीकरण बदल सकते हैं। वहीं इसका कुछ असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर भी देखने को मिलेगा। कमिश्नरेट वाले सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं की महाकुंभ की समाप्ति और शिवरात्रि के बाद ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से एक एसीपी को छुट्टी मिल सकती है। वहीं दो एसीपी के लिए कोई नई सूचना आ सकती है। वहीं पुलिस के विश्वसनीय सूत्र इस बीच कह रहे हैं कि जलाभिषेक को शांतिपूर्वक कराने और यहां की व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संभालने के लिए अधिकारियों को जलाभिषेक ड्यूटी में कई टेस्ट भी देने पड़ेगे। वहीं महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने वालों की संख्या हजारों में रहेगी, उनकी भीड़ को कंट्रोल करने से लेकर वहां पर किसी प्रकार का मिस मैनेजमेंट ना हो और भीड़ के दौरान किसी प्रकार से स्थिति नहीं बिगड़े यह देखना बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में किन-किन अधिकारियों को अलग जोन और सर्किल से लेकर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर वाली ड्यूटी पर लगाया जाता है, यह भी देखा जाना अभी शेष है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस से लेकर नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर दमकल की टीमों ने यहां की तैयारियों को करने के लिए पूरा निरीक्षण कर लिया है। अब देखना होगा कि 25 की रात से शुरू होने वाली ड्यूटी महाविरात्रि की महाड्यूटी 26 की रात तक किस प्रकार से चलती है और कहां पर कौन सी वाली परेशानी आती है और क्या हल निकाले जाते हैं।




## इंदिरापुरम मंडल के बूथ नंबर 576, 665 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के 'मन की बात'



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम मंडल के बूथ नंबर 576, 665 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुना। पूर्व प्रभारी क्षेत्रीय कार्यालय योगेश त्रिपाठी ने 'मन की बात' सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई पहलुओं पर अपनी बात रखकर लोगों को प्रेरित किया है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक साथ सुना। इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया, और सभी ने बड़ी दिलचस्पी के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। और कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे के साथ अपने विचार साझा किए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि 'मन की बात' सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री द्वारा जनता के साथ सीधा संवाद करने का एक अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम हर भारतीय को प्रेरणा देता है और राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विचार न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बल्कि समाज के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक हैं। प्रधानमंत्री ने इस बार 'मन की बात' में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जिसमें आत्मनिर्भर भारत, युवाओं के लिए रोजगार, किसानों के हित और भारत की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण शामिल है। इस अवसर पर मंडल प्रभारी कामेश्वर त्यागी, मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, पार्षद हरीश कडाकोटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, उमाशंकर तोमर अनिल महेंदीर्त्ता, किशोर ठाकुर, महामंत्री देवाशीष दत्ता, संजीव शर्मा, बूथ अध्यक्ष राम सिंह, मनोहर पयाल, जय श्री सिन्हा, नेहा जैन, अजय गुप्ता, नवीन शर्मा आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## राकेश टिकैत की चेतावनी: जमीन अधिग्रहण विवाद में अगली बार केएमपी एक्सप्रेसवे के गेट करेंगे बंद, टिकैत बोले- सरकार बातचीत करे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के लोनी स्थित मंडोला गांव में रविवार को किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने हिस्सा लिया। मंडोला गांव के किसान 2014 से धरने पर बैठे हैं। यहां आवास विकास द्वारा की गई जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। टिकैत ने कहा कि प्रशासन और सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप कर बातचीत करनी चाहिए। किसान नेता ने बताया कि आवास विकास 10 प्रतिशत भूखंड देने की बात कर रहा है, लेकिन उसका बैनामा नहीं कर रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों के घर, खेती-बाड़ी का अधिग्रहण नहीं किया जाना चाहिए। चाहे उनकी बाउंड्री वॉल घास-फूस की ही क्यों न हो। टिकैत ने चेतावनी दी कि अगर सरकार और प्रशासन ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली आंदोलन के दौरान कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के गेटों को बंद कर दिया जाएगा। आगे की बैठकें भी गेट पर ही होंगी।

## निलाया ग्रीन सोसायटी में हाउस टैक्स के विरोध में प्रदर्शन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम द्वारा निलाया ग्रीन सोसाइटी में रविवार को हाउस टैक्स कैम्प आयोजित किया गया। जिसका समस्त सोसाइटी निवासियों ने खुलकर विरोध किया। नगर निगम अधिकारियों को स्पष्ट किया कि बिना सुविधा के कोई भी निवासी हाउस टैक्स नहीं भरेगा। लोगों ने कहा कि निलाया ग्रीन सोसाइटी उसी हम तुम रोड पर स्थित है जहां पिछले दो साल में 14 मौतें हो चुकी हैं, पूरी सड़क टूटी हुई है और एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं है। सड़कों का इतना बुरा हाल है कि व्यक्ति पैदल भी नहीं चल सकता। ऐसे में नगर निगम किस बात का हाउस टैक्स मांग रहा है। सोसाइटी निवासी चन्दन चौबे ने बताया जब तक हमें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलेंगी तब तक हम समस्त निवासी हाउस टैक्स का खुलकर विरोध करेंगे, और टैक्स जमा नहीं करेंगे।

शिवम पाराशर ने बताया कि हाउस टैक्स का बिल संशोधित नहीं किया जाता समस्त राज नगर एक्सटेंशन/ मोरटा निवासी आंदोलन के लिए सड़क पे उतरेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। अन्य निवासी सुयश चतुर्वेदी ने बताया कि जब नगर निगम के पास किसी काम को लेकर जाते हैं तो वे कहते हैं कि ये सोसाइटी हमारे कार्य क्षेत्र में नहीं आती। लेकिन टैक्स वसूलने के लिए यहां कैम्प लगा रहे हैं। जो कि तीन से चार गुना हाउस टैक्स अधिक है।

लोगों का प्रदर्शन देख निगम अधिकारी भाग खड़े हुए। प्रदर्शन के दौरान सभी लोगों ने अपने हाउस टैक्स कि प्रतियां फाड़कर जला दीं। इस अवसर पर अश्वनी जायसवाल, विवेक अरोड़ा, सोनू चोपड़ा, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, पुष्पा रावत, सतीश ठाकुर, शिवम अवस्थी, सौरभ अरोड़ा , विनय जायसवाल, कर्ण सिंह, दिनेश चन्द्र, गिरधर, मुकेश, धीरज राय, अनूप, नीतिश राय आदि उपस्थित रहे।

## त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

### मेरठ एडीजी का निर्देश- शिवरात्रि, होली और रमजान पर विशेष सतर्कता बरतें




**हापुड़ करंट क्राइम।** मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक डी. के. ठाकुर ने आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस लाइन में जनपद के पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक में उन्होंने यह निर्देश जारी किए।

एडीजी ने महाशिवरात्रि के मद्देनजर शिवालयों और कांवड़ मार्गों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिरों में सादे कपड़ों में पुलिस बल तैनात किया जाए। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए। कांवड़ मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही होली और रमजान के लिए भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं।

अपराधियों पर कार्रवाई को लेकर एडीजी ने कड़े निर्देश दिए। गुंडा, जिलाबदर, गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटरों पर कड़ी नजर रखने को कहा। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी तेज करने और लंबित जांचों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर समेत सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद थे।

## हाईवे पर वाहनों से ईंधन चोरी का खुलासा

### 30-40 लाख रुपए का डीजल-पेट्रोल चुराकर हरियाणा में बेचते थे, 4 आरोपी गिरफ्तार



**गौतमबुद्धनगर करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने हाईवे और ढाबों पर खड़े वाहनों से ईंधन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1250 लीटर चोरी किया गया तेल बरामद किया है। साथ ही चोरी किए गए पेट्रोल की बिक्री से मिले 8000 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी और एक अल्टो कार भी बरामद की गई है। लोकल इंटेलिजेंस से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घरबरा गेट के पास से तरुण, संतोष वीके, सोनू और खुशीराम को गिरफ्तार किया। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार के अनुसार, ये शातिर अपराधी एक्सप्रेसवे और ढाबों के पास खड़ी गाड़ियों से डीजल-पेट्रोल चुराते थे। आरोपी एक बार में करीब एक लाख रुपये का ईंधन चोरी करते थे। महीने में लगभग 30-40 लाख रुपये का डीजल-पेट्रोल चुराकर हरियाणा में बेच देते थे। पुलिस लंबे समय से इस गिरोह की तलाश कर रही थी। आए दिन हाईवे पर ईंधन चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में पता चला कि यह गिरोह काफी समय से सक्रिय था और व्यवस्थित तरीके से ईंधन चोरी का धंधा चला रहा था।

## स्वर्णकार समाज के शपथ ग्रहण में जुटे सैकड़ों स्वर्णकार रत्न

### राज्यसभा सांसद ने दिलाई पद गोपनीयता की शपथ



**मोदीनगर करंट क्राइम।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर का रविवार को शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया। राज्यसभा सांसद ने अध्यक्ष सहित समस्त मंत्रीमंडल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुये समाज को संगठित व एक सूत्र में बधंने की सीख दी। मुल्तानीमल मोदी पी0जी0 कॉलिज के सभागर में स्वर्णकार समाज के आयोजित हुये शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से समाज के आदि पुरूष अजमीढ़ जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा, राज्यसभा सांसद डॉ0 प्रदीप वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी व पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने संयुक्त रूप से संस्था के अध्यक्ष मोहित सोनी व मंत्री मंडल के सभी सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ ने संगठन को एक सूत्र में बंधने व जागरूकता का संदेश दिया। डॉ0 प्रदीप वर्मा ने संगठन की शक्तियों तथा एकता पर बल देते हुये सगठन के विस्तार व सामाजिक उत्थान की बात कही। कैलाश सोनी ने अपने अनुभवों को शेयर करते हुये कहा कि संगठन में ही शक्ति निहित है हमें संगठन के कार्यों व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुये कार्य करने होंगे। उन्होंने अपील की कि स्वर्णकार समाज शिक्षा व एकता के साथ राजनीति में भी अपनी अहम भागेदारी निभायें।

पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने स्वर्णकार समाज को पालिका की और से समाज के बच्चों के विवाह व अन्य कार्यक्रमों के मद्देनजर एक धर्मशाला शीघ्र ही सौपे जाने का वचन दिया, और कहा कि वह हर संभव समाज के हितार्थ कार्य करते रहेंगे। विनोद वैशाली की इस घोषणा पर समाज के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथियों को महाराज अजमीढ़ जी सम्मान व शॉल भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मुल्तानीमंल पी0जी0 कॉलिज परिसर गेट पर अतिथियों ने अजमीढ़ जी महाराज के नाम से त्रिवेणी वृक्ष भी रोपा।

इस दौरान एमएलसी जीवन कुमार वर्मा, जल शक्ति राज्यमंत्री के नीजी सचिव सुभाष सोनी, नीजी सचिव केन्द्रीय कानूनी मंत्री डॉ0 राजीव वर्मा, एसीपी अक्षय वर्मा, महेश वर्मा (डायमंड वाले) आदित्य बिरला समूह के अध्यक्ष डॉ0 विनोद वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व पार्षद सत्यम भारतीय सोनी, पार्षद दीपक वर्मा, सभासद दुष्यत सोनी, राकेश शास्त्री, राजन वर्मा, सुरेश चन्द्र सोनी, पूर्व सभासद रवि वर्मा, मोंटी वर्मा, ऋषिपाल वर्मा, परमात्मा शरण वर्मा हर्षित वर्मा, विकास सोनी, सुंदर लाल सोनी, धीरज सोनी विष्णु वर्मा, अंकित वर्मा, एड0 जितेन्द्र वर्मा, सौरभ सोनी आदि सैकड़ों स्वर्णकार समाज की नामचीन हस्तिया मौजूद रही।

# हिंडन नदी छठ घाट पर सैकड़ों निरंकारी श्रद्धालुओं ने स्वच्छ जल अभियान में लिया भाग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प का सपना साकार करते हुए 23 फरवरी को प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत ,स्वच्छ जल स्वच्छ मन, परियोजना के तृतीय चरण का भव्य कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन आशीर्वाद से गाजियाबाद हिंडन नदी (हरनंदी) छठ घाट पर स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान चलाया गया जिसमें सेक्टर 25 गाजियाबाद विजय नगर दादरी, सेक्टर 30 सूर्य नगर कड़कड़ मॉडल झंडापुर वह आसपास के सभी क्षेत्र, सेक्टर 31 इंदिरापुरम वह आसपास के सभी क्षेत्र, सेक्टर 32 राजेंद्र नगर के आसपास के सभी क्षेत्र, के सैकड़ो निरंकारी श्रद्धालुओं ने भाग लिया यह कार्यक्रम प्रातः 7:00 बजे से 10:00 तक रहा।






निरंकारी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए इंद्रजीत सिंह अहलूवालिया ने कहा इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है ताकि भावी पीढी ओ को निर्मल जल और समस्त पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो।

गाजियाबाद जिले के सेक्टर 25 कोऑर्डिनेटर सतीश गांधी ने कहा हमारा पूर्ण दायित्व है इस प्रभु की दी अमोलक दात ,जल, को गंदा ना करें अपितु इसको साफ और स्वच्छ रखें ताकि आने वाली नस्ले स्वच्छ जल का उपयोग कर सके।

## महिला एकता मंच पर पार्षद राहुल शर्मा ने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की

# नारी शक्ति ने एकत्रित होकर पार्षद के समक्ष रखी समस्याएं, जल्द कार्यवाही का आश्वासन मिला

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को वार्ड 80 शालीमार गार्डन एक्टेंशन 2 एवं राजेंद्र नगर सेक्टर 2 में महिला एकता मंच द्वारा एक सामाजिक कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा मौजूद रहे ।जिसमे क्षेत्र की सभी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। पार्षद राहुल शर्मा ने लोगों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं ।यह कार्यक्रम स्थानीय निवासी ज्योतिषाचार्य रीमा उनके पति विकास एवं एडवोकेट नितिन बंसल द्वारा आयोजित किया गया ।जिसमें मुख रूप में डॉ. गुलशाद एवं अन्य लोग शामिल हुए ।इस वार्ड में रहने वाली बहुत सी महिलाओं ने रीमा, पेशे से ज्योतिषाचार्य एवं समाज सेवी हैं। उनका बढ़चढ़ कर साथ दिया। और इस कार्यक्रम को सफल बनाया ।जहाँ नारी शक्ति ने एकसाथ एकत्रित होकर वार्ड के पार्षद राहुल शर्मा के सामने अपने क्षेत्र में आने वाली सभी समस्याओं को रखा ।जहाँ पार्षद राहुल शर्मा ने सभी महिलाओं की समस्याएं सुनीं और ये आश्वासन दिया की उनकी इन शिकायतों पर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, उनको कार्यक्रम में पार्षद राहुल शर्मा द्वारा भेंट देकर सम्मानित किया गया।इन अवसर पर हिना वर्मा, रेखा अंजना, मिथलेश उपाध्याय , शोभा, मीरा बिस्वास शीला देवी, गीता तेजश्री, माऊ दास, तापसी , मीनाक्षी , अंजुम आरा आदि लोग मौजूद रहे।




# नोएडा में बैंक मैनेजर की हत्या का खुलासा

## 15 लाख में साले ने करवाई जीजा की हत्या, दो गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर करंट क्राइम।** नोएडा पुलिस ने बैंक मैनेजर हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया है।मृतक मनजीत मिश्रा की हत्या उनके साले ने शार्प शूटरों से करवाई थी।पुलिस ने आरोपी साले सचिन राठौर और उसके साथी प्रवीण उर्फ तिलके को गिरफ्तार किया है। हत्या में शामिल शार्प शूटर अभी फरार हैं। घटना 21 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे की है।मनजीत मिश्रा डाटा सेंटर डी पार्क तिराहे के पास गोली लगने से मृत पाए गए। वह वसुंधरा, गाजियाबाद में रहते थे और डाटा सेंटर में प्राइवेट नौकरी करते थे।पुलिस ने मामले की जांच के लिए तीन टीमें बनाईं। जांच में गाजियाबाद से नोएडा तक लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में देखा गया कि मनजीत जब अपनी कार से ड्यूटी के लिए निकले, तभी दो अज्ञात व्यक्ति बाइक पर उनका पीछा कर रहे थे। डाटा सेंटर तिराहे पर मौका देखकर उन्होंने मनजीत की गोली मारकर हत्या कर दी। लोकल इंटेलिजेंस और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने डाटा सेंटर के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि मृतक के साले सचिन राठौर ने 15 लाख रुपये में शार्प शूटरों को हत्या के लिए हायर किया था।



डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि मृतक मनजीत की मेघा से 28 जनवरी 2024 को शादी हुई थी।शादी के करीब 15 दिन बाद ही मनजीत मिश्रा के पिता की सडक दुर्घटना मे मृत्यु हो गयी थी ।इस घटना के बाद मनजीत के घर वाले मेघा को बुरा-भला कहने लगे थे और आये दिन मेघा व मंजीत व उसके परिजनों का आपस में झगडा होता रहता था।जिसकी एक बार शिकायत मेघा के भाई सचिन ने पुलिस मे भी की थी।तथा मंजीत ने अपनी जान को खतरा होने की शिकायत दिनांक 19.08.2024 को इन्दरापुरम थाने में की थी। 20 जून 2024 को मनजीत, मेघा को उसके घर बाद में ले जाने को कहकर छोड़ आया था और इसके बाद मनजीत मेघा को लेने नही आया।

मेघा के परिवार ने बार-बार समझौता कराने का प्रयास किया। लेकिन मंजीत और उसके घर वाले नही माने। तंग परेशान होकर मेघा के भाई सचिन ने कोर्ट में वाद दायर किया।जिसमें मीडियेशन चल रहा था। मेघा के परिवार वाले मेघा को देखकर परेशान होते थे। मेघा की हालत को देखकर मेघा के भाई सचिन ने एक दिन अपने साथ काम करने वाले प्रवीण से कहा कि हम परेशान हो गये है, मंजीत का काम तमाम करा दो।तो प्रवीण ने कहा कि मंजीत को मैं रास्ते से हटवा दूंगा।सचिन ने मंजीत को रास्ते हटाने के लिए प्रवीण को 15 लाख रुपए देने का वादा किया था। 05 लाख रुपए दिसम्बर 2024 में प्रवीण को दे दिये थे और प्रवीण ने अपने ही गांव के एक व्यक्ति को मंजीत की हत्या कराने के लिए शूटर हायर किये थे। इन सभी की योजना के मुताबिक दोनों शूटरों के होटल गाजियाबाद में रूकने का इंतजाम किया था और इन दोनो ने ही मंजीत का घर इन दोनों को दिखाया था। योजना के मुताबिक, यह दोनों 20.02.2025 को इसी होटल में रुके थे । फिर अगले दिन इन दोनो ने मंजीत मिश्रा की रैकी कर इसकी गाड़ी का पीछा करके डी-पार्क डाट सेन्टर तिराहे पर योजना के मुताबिक गाड़ी में टक्कर मारकर गिर गये थे और जैसे ही मंजीत इनके पास आया, तो इन दोनों ने मंजीत की गोली मारकर हत्या कर दी थी और मौके से भाग गये थे।

## गाजियाबाद में एक्सीडेंट में दो की मौत

# बाइक से जाते समय आमने सामने हुई टक्कर

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र में आमने-सामने की बाइक की टक्कर में दो की मौत हो गई। दोनों ने बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगा रखा था।जिसमें गांव के पूर्व उप प्रधान के सिर में गंभीर चोट लगी, और वह कई मिनट तक सड़क पर ही तड़पते रहे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।मौके पर पहुंची मसूरी थाना पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मसूरी थाना क्षेत्र के कल्लुगढ़ी ईदगाह के पास सड़क हादसा हुआ है।दो बाइक सवारों की आपस मे भीषण टक्कर से दोनो की मौत हुई है। सड़क हादसे में सुलेमान खां (56 साल ) पूर्व उप प्रधान निवासी कुशालिया तथा अरमान हसन (30 साल) पुत्र नूरहसन की मौत हो गई। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्मार्टम के लिए भिजवाया है। मसूरी में मुख्य रोड पर आमने-सामने की टक्कर में दोनों के सिर में चोट लगी है।मौत के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया।मसूरी थाना पुलिस का कहना है कि दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। अभी तक तहरीर नहीं आई है। जांच में आया है कि आमने-सामने की बाइकों की टक्कर हुई है। बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# नरसिंहानंद बोले-शस्त्र रखना सनातनी का अधिकार

## हथियार के बिना हम अपने घर की महिलाओं पर जिहादियों के हाथों अत्याचार होते हुए देखेंगे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा-शस्त्र रखना प्रत्येक सनातनी का मूल अधिकार होना चाहिए। हमारा कोई देवी देवता कभी भी शस्त्र के बिना नहीं रहता। ऐसे समय में जबकि हम बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं के नरसंहार को देख रहे हैं। शस्त्र रखना जरूरी हो गया है। अगर हिंदुओं को शस्त्र रखने की अनुमति नहीं मिली तो वे जिहादियों के हाथों अपने घर की महिलाओं पर अत्याचार होते हुए देखेंगे। ये बातें नरसिंहानंद गिरी ने गाजियाबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान कही।




### 20 फरवरी को सीएम योगी को खून से पत्र लिखा था

**करंट क्राइम।** इससे पहले 20 फरवरी को यति नरसिंहानंद गिरी ने सीएम योगी को खून से पत्र लिखा था। उन्होंने इस लेटर को बीजेपी नेता डॉ. उदिता त्यागी से लिखवाया था। लेटर में उन्होंने हिंदुओं को शस्त्र लाइसेंस देने की प्रक्रिया को आसान करें की मांग की। उन्होंने यह भी कह- इस पत्र को डॉ. उदिता त्यागी मेरी ओर से सीएम को उनके जनता दरबार में देंगी। पत्र लिखते हुए डॉ. उदिता त्यागी का वीडियो भी सामने आया था। जिसमें उदिता त्यागी खून से एक लेटर लिखती नजर आई थी। पास में यति नरसिंहानंद गिरी भी बैठे हुए थे। वहीं एक दूसरे वीडियो में यति नरसिंहानंद खून निकलवाते नजर आए।

### यह धर्म की लड़ाई है

**करंट क्राइम।** यति नरसिंहानंद गिरी शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर हैं। उन्होंने कहा-शस्त्र सनातन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। इस्लामिक गुलामी आने से पहले प्रत्येक सनातनी को शस्त्र रखने का ना केवल अधिकार था, बल्कि शस्त्र के बिना व्यक्ति समाज में सम्मानित नहीं समझा जाता था। सरकार को चाहिए कि वह अधिक से अधिक हिंदुओं को शस्त्र रखने की अनुमति दे।

### अगर हिंदुओं के पास पहले हथियार होते तो कश्मीर नहीं छोड़ना पड़ता

**करंट क्राइम।** नरसिंहानंद गिरी ने कश्मीर से हिंदुओं के पलायन को याद किया। उन्होंने कहा- ₹अगर कश्मीरी हिंदुओं के पास शस्त्र होते तो उन्हें पलायन नहीं करना पड़ता। वे परिवार की रक्षा कर पाते। उन्हें जान नहीं गंवानी पड़ती। मोहम्मद ने अपने भाई अबू सूफियान को अपने अत्याचारों से डराकर इस्लाम स्वीकार करवाया था। तभी से इस्लाम में खून-खराबे की परंपरा स्थापित हो गई। कोई भी कमजोर व्यक्ति जब अपनी कमजोरी के कारण इस्लाम को स्वीकार करता है तो वह इस अत्याचार के कारण सारे विश्व और मानवता से घृणा करने लगता है।

## विधवा महिला से रंगदारी मांगने के दो आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने एक विधवा महिला से रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के मृतक पति की ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करते थे। पति की मौत के बाद आरोपियों ने कंपनी के 8 ट्रक अपने कब्जे में ले लिए थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, 15 फरवरी को एक महिला ने शालीमार गार्डन थाने में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उसके पति के पूर्व बिजनेस सहयोगी 50 लाख रुपए की रंगदारी मांग रहे हैं। साथ ही रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जांच में पता चला कि महिला के पति की सोनीपत में ट्रांसपोर्ट कंपनी थी। दीपू, हेमंत, मनीष, विकास और रवि चौहान वहां काम करते थे। पुलिस ने हरियाणा निवासी मनीष और दिल्ली निवासी हेमंत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 7 ट्रक बरामद कर लिए गए हैं, जिन्हें सीज कर दिया गया है।



## वसुंधरा सेक्टर 15 टाइप 1 की आर डब्ल्यूए की नई कार्यकारिणी का गठन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सैक्टर 15, टाईप-1 आरडब्ल्यूए की पूर्व प्रबंधक कमेटी को भंग कर दिया गया। रविवार को नई कार्यकारिणी का आम सभा में गठन किया गया ।आम सभा में उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव पारित करते हुए ।आरडब्लूए की नई प्रबंधक कमेटी में निम्न पदाधिकारियों का गठन किया।ओमबीर सिंह को सैक्टर 15 टाइप -1 का संरक्षक चुना गया,



अध्यक्ष कपिल शर्मा, उपाध्यक्ष सुखपाल व अशोक कुमार, महासचिव मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जेपी कौशिक, ऑडिटर प्रभाकर पाण्डेय, तीन सचिव, रमेश मंमगयी व दिवेश, ऋषभ भटनागर, वीएस चौहान को कानूनी सलाहकार और आनन्द कुमार निमेष, कुलवंत राणा मीनाक्षी, सचिन कुमार, महेश्वर जोशी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया ।इस मौके पर सभी उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट कर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष कपिल शर्मा ने सभा का समापन किया ।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने मसाई स्कूल के साथ एमओयू किया साइन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने मसाई स्कूल (एनएसडीसी के सहयोग से) के साथ एक एमओयू साइन किया है, ताकि कंप्यूटर साइंस, एआई, डेटा साइंस, और बिजनेस एनालिटिक्स में आईआईटी मंडी, आईआईटी रोपर, और आईआईटी गुवाहाटी से माइनर डिग्री प्रोग्राम्स प्रदान किए जा सकें। यह एमओयू लीला पैलेस न्यू दिल्ली में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रसन जीत कुमार और मसाई स्कूल, एनएसडीसी, आईआईटी मंडी, आईआईटी रोपर, और आईआईटी गुवाहाटी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में साइन किया गया।

यह सहयोग इइअ, इ.उङ्क, इउअ, इ.रू., और इ.ळ्रीं प्रोग्राम्स के छात्रों को अत्याधुनिक अवसरों का लाभ उठाने और उनके भविष्य के करियर को सशक्त बनाने में मदद करेगा। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी अपने छात्रों को उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए विश्व-स्तरीय शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।








# खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान

## पुलिस पहुंची, कोई रेलिंग कूदकर भागा तो किसी ने हाथ जोड़कर मांगी माफी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में विशेष अभियान चलाया गया। इस तीन घंटे के अभियान में 635 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 287 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 34, विजयनगर से 46, सिहानी गेट से 36, नंदग्राम से 57, कवि नगर से 53 और मधुबन बापूधाम से 61 लोग शामिल हैं।




# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने मनाई स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। रविवार को लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामदुलार यादव की अध्यक्षता में वैदिक मंत्रोच्चारण कर महर्षि दयानंद सरस्वती को याद किया। कार्यक्रम के अगले चरण में महर्षि दयानंद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सभी ने महर्षि दयानन्द को नमन व बारी-बारी से पुष्प अर्पण किया।



अध्यक्ष राम दुलार यादव ने कहा कि स्वामी दयानंद ने सनातन धर्म में व्याप्त आडम्बर, मूर्तिपूजा, जाति व्यवस्था, छुवाछूत, बालविवाह, सतीप्रथा का विरोध किया, विधवा विवाह, समानता, महिला शिक्षा, और सशक्तिकरण के लिए प्रयत्नशील रहे। सत्य, अहिंसा, अनुशासन पर उन्होंने जोर दिया, भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने के लिए स्वतंत्रता आन्दोलन का मार्ग प्रशस्त करते हुए नवजवानों को प्रेरित किया।

इस कारण पाखंड, अन्धविश्वास, भ्रम और झूठ बोलकर भोलीभाली जनता को ठगने वाले उनके विरोधी हो गये, विषाक्त दूध पिला, उनकी जान ले लिया` उनके विचार ने ऐसा क्रान्तिकारी परिवर्तन किया कि ठगों की दुकाने अंशतः बंद हो गयीं, लेकिन आज फिर 21 वीं शदी में धार्मिक पाखंड, अन्धविश्वास, महा झूठों की फौज खड़ी हो अज्ञान का प्रचार झ प्रसार कर देश में अंधकार और नफरत का वातावरण बना रही है। इस अवसर पर उपेन्द्र गुप्ता, शिवम्पाण्डेय, हाजी मोहम्मद सलाम, हरिकृष, दिलीप कुमार, नवीन कुमार, सुरेन्द्र, विजय, सुभाष, अमर बहादुर, राजपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि की तैयारियों में जुटा नगर निगम, दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर हुई बेरीकेटिंग

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर बनेगा निगम का कंट्रोल रूम : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवरात्रि महापर्व के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सभी मंदिरों तथा शिवालयों के बाहर साफ सफाई पेयजल व्यवस्था तथा प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में प्राचीन मंदिर दूधेश्वर नाथ के बाहर व्यवस्था को बनाने के लिए निर्माण विभाग द्वारा बेरीकेटिंग की व्यवस्था भी कराई गई है।

मौके पर व्यवस्थाओं को देखने के लिए मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा निरीक्षण भी लगातार किया जा रहा है। क्षेत्रीय निवासियों तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय भी बनाते हुए कार्यों को बेहतर किया जा रहा है। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार, दूधेश्वर नाथ मंदिर के आगे वाले भाग तथा पिछले भाग में भी बैरिकेडिंग कराई गई है बैरिकेडिंग के लिए बांस में रस्सी का इस्तेमाल किया गया है। मजबूती को दृष्टिगत रखते हुए लगभग एक से अधिक फिट खुद कर बैरिकेटिंग कराई गई है। मंदिर प्रांगण से एमजी रोड तक 400 मी तथा पिछले भाग में 300 मीटर तक बैरिकेडिंग की गई है पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए तेजी से कार्य कराया गया है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम के समस्त विभाग महाशिवरात्रि पर्व की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। इसी के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ रहे टीम को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम का कंट्रोल रूम भी बनेगा जहां पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम भी लगाया जाएगा। भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को पूर्ण सुविधा रहे व्यवस्था की जा रही है, इसके अलावा मंदिर से निकलने वाली पूजन सामग्री उठाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जाएगी।

# पार्षद राहुल शर्मा ने किया विकास कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 80 के शालीमार गार्डन ए ब्लॉक में पार्षद राहुल शर्मा ने सर्विस रोड बनने के कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद राहुल शर्मा ने बताया कि यह कार्य सड़क के दोनों ओर नाली व इंटरलॉकिंग टाइल लग रही है। इस कार्य की लागत 2090000 की बन रही है । इस कार्य के होने से वार्ड 80 के निवासियों को आने जाने में सुविधा मिलेगी। पहले सड़क पर बरसात के दिनों में पानी लगने से लोगों के आवागमन में परेशानी होती थी। अब लोगों को इससे मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर जयवीर पाल, सर्वेश शास्त्री, अंकुर पाल, हेमंत त्यागी, सुनील कॉल, नरेंद्र रावत, बिजेंद्र सिंह, दीपक फोतेदार, संजीव कुमार, विवेक, निपुर कपूर, संतोष कुमार सिंह, महेश राजपूत, रोहित तोमर, दिनेश गोयल आदि लोग मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम कर रहे हैं आपसे बृज वाले विहार की बात? यहां पर भगवा प्रेजीडेंट के अलग ही हैं हालात? कर रहे थे कार्यकर्ता मन की बात में उनके आने का इंतजार? मगर भाईसाहब ने तो नहीं दिये कहीं भी अपने दीदार? अपनी दुकान पर ही सुना उन्होंने मन की बात का प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा अब जिम्मेदारी बढ़ गई है? इसलिए उन्हें दुकान से बाहर निकलना पड़ेगा श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम लगातार क्रान्तिकारी विधानसभा के क्रान्तिकारी मावी जी पर रख रहे हैं नजर? आज-कल वो नजर ना इधर आते हैं, ना दिखाई देते हैं उधर? मगर क्रान्तिकारी विधायक के साथ उनके लगातार हो रहे हैं दीदार? हमें समझ नहीं आ रहा अचानक क्यों उमड़ गया है उनका इतना प्यार? अभी तो चुनाव भी दूर हैं? पंचायत को भी लेकर कोई चर्चा नहीं सुनाई दे रही है यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिरा जी वाले एरिया में राधे का नाम जपने वाले त्यागी जी देख रहे हैं बोर्ड में जाने का ख्वाब? पता चला है वो लगातार कर रहे हैं कई मैम्बरों से बात? कहने वाले ने कहा पार्टी के फिलहाल पता नहीं चल रहे हैं हमको जज्बात? बाहर से आने वाले नामों पर फिलहाल टाईट चल रहे हैं हालात? कहने वाले ने कहा हम तो उनको ज्यादा मेहनत नहीं करने के दे रहे हैं संदेश? बोर्ड में फिलहाल बैकफुट पर ही रखें अपना फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बम्हेटा वाले यादव जी राधे का नाम लेने वाले त्यागी जी की तरह ही देख रहे हैं बोर्ड मैम्बरी वाले ख्वाब? कहने वाले ने कहा कि वो भी अंदरखाने कर रहें हैं कई मैम्बरों से बात? जुटा रहे हैं वो अपने पक्ष के लिए वोट? ताकि मौका आने पर मार सके वों जबरदस्त चोट? कहने वाले ने कहा कि यहां से मजबूती से मनोज भैया भी बना रहे हैं मैम्बर बनने का प्लान? इन तीनों में से होगा एक ही त्यागी का समाधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बात बता रहा हूं एकदम बोल्ड? गाजियाबाद के अध्यक्ष वाला मामला होगा गया है इस वक्त होल्ड? अगर हुई फिलहाल में घोषणा, तो अटक जायेगी यहां की फाईल? इसलिए ज्यादा मत सोचना? कहने वाले ने कहा कि किसी महिला चेहरे के नाम पर फंस गया है यहां का पेंच? अगर ये पेंच निकल गया, तो फिर लिस्ट में आ ही जायेगा किसी 'जी' का फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर अध्यक्ष वाले पैनल में गर्ग साहब ने अपने प्रिय कुश का नाम लाकर किया है बहुत बड़ा काम? अब भले ही घोषणा इस नाम की हो या ना हो, मगर हम तो यही सलाह देना चाहते हैं कि कुश भैया को देना चाहिए सक्रियता का पैगाम? अगर वो पहले भी रहे होते एक्टिव? तो हो गया होगा आज उनका काम? अगर आज से भी वो एक्टिव हो जायें तो कुछ ना कुछ गर्ग साहब तैयार कर देंगे इस चेहरे के लिए मैदान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बहुत ही भाता है भाजपा वाली त्यागी दीदी का हिंदुत्व वाला किरदार? हम देखते हैं पार्टी संगठन से ज्यादा उनके हिंदुत्व वाली गतिविधियों में होते हैं दीदार? कहने वाले ने कहा मोर्चा वाले मैटर में पार्टी अब करे उसी चेहरे पर विचार? जो मोर्चे वाले मामले में 100% भूमिका निभाये यार? त्यागी दीदी को हिंदुत्व वाले मैटर में करने दें करने वाले फोकस? एकसाथ जब होती है दो-दो जिम्मेदारियां? ऐसे में मुश्किल संभालना हो जाता है लोटस? कहने वाले ने कहा कुछ दिलजले कर रहे थे इस तरह की बात? त्यागी दीदी काफी मजबूत हैं, वो एकसाथ ये संगठन संभाल सकती हैं साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ इस तरह किया उन्होंने अपनी बात को अर्ज? कहा लोनी के एक बड़े गुर्जर नेता पर बड़ी जमीन वाले मामले में हो गया है मुकदमा दर्ज? हमने उनसे जब पूछा इन भाईसाहब का नाम? ये सुनकर उनके चेहरे पर आ गई मुस्कान? उन्होंने कहा हमसे क्यों पूछते हो थानेदार से ही पूछ लो सारी बात? हम अगर नाम बतायेंगे तो वो सोचेंगे कि मुकदमा दर्ज कराने के पीछे है सारी हमारी ही करामात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैवीवेट वालों ने अपने एरिया में 10 भगवा कमिश्नर घोषित कराकर मजबूत कर दी है अपनी सख्ती? बावजूद इसके भगवा पहलवान समाधान से दिखा रहे हैं अपनी शक्ति? कहने वाले ने कहा आखिर वो अपनी संस्था के बूते कब तक लेंगे सामने वाले से लोहा? कब तक वो करेंगे यहां पर संस्था के सहारे मजबूत जमीन? कहने वाले ने कहा वो दोस्त के साथ एक्टिव हो जायें? अब लाईन पार में जाकर मजबूत करें समाधान शक्ति से जमीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधानसभा उपचुनाव से पहले हमें जगह जगह हो रहे थे लाईन पार के गुप्ता जी के दीदार? जहां भी हम नजर मारते थे वहीं उनके होर्डिंग दिखाई देते थे यार? मगर चुनाव बीता, ना जाने क्या हुई बात? इसके बाद गुप्ता जी के दीदार बहुत कम हो गये साहब? कहने वाले ने कहा टिकट के लिए उन्हें देना होगा निरंतर सक्रियता का पैगाम? केवल होर्डिंग लगाने से नहीं होने वाला है काम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी कविनगर आश्रम ने महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

## विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया शुभारंभ और आश्रम में हुआ शिव ध्वजारोहण





### सृष्टि का शाश्वत नियम है बदलाव : अजीत पाल त्यागी

शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा सृष्टि का शाश्वत नियम है कि कोई भी चीज हमेशा अपने मूल स्वरूप में नहीं रहती है। बदलाव या परिवर्तन प्रकृति का नियम है। जैसे- दिन के बाद रात और रात के बाद दिन का आना तय है, उसी तरह सृष्टि चक्र में सतयुग के बाद त्रेतायुग, द्वापरयुग और फिर कलियुग क्रम से आना तय है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाशिवरात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी कविनगर आश्रम द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने झंडी दिखाकर किया शुभारंभ और आश्रम में हुआ भगवान शिव का ध्वजारोहण। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी दीदी सुतीश ने कहा जहां सत्य ज्ञान है वहां पवित्रता है। राज योगिनी ब्रह्माकुमारी राजेश दीदी ने कहा वर्तमान समय कलियुग का अंतिम चरण चल रहा है। यह सारा काल, रात्रि अथवा महारात्रि ही है।

### सृष्टि के आदि में प्रकृति अपने मूल स्वरूप में थी : पूर्व विधायक कृष्ण वीर चौधरी

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पूर्व विधायक कृष्ण वीर चौधरी ने कहा सृष्टि के आदि में प्रकृति अपने मूल स्वरूप में थी। हर तत्व सुखदायी था। समय के साथ प्रकृति भी बदलती गई। उसके पांचों तत्वों में मानवीय दोहन से विकृत होना शुरू हो गया। आज असमय ही बाढ़, भूकंप, तूफान, आगजनी आम बात हो गई है। ये सभी बातें प्रकृति के बदलाव अर्थात परिवर्तन की ओर संकेत कर रही है।



### संत मानवीय मूल्यों को बढ़ाने में लगातार प्रयासरत : पूर्व महापौर आशु वर्मा

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा व्यक्ति के कर्म इतने निम्न स्तर पर पहुंच गए हैं जिनकी क भी कल्पना नहीं की होगी। धर्म शास्त्रों में धर्मग्लानि के जो चिह्न बताए गए हैं उससे भी निम्न स्तर पर हम आ गए हैं। संत मानवीय मूल्यों को बढ़ाने में लगातार प्रयासरत हैं। बहनों का प्रयास सराहनीय और प्रशासनीय है। यहां आकर मुझे अद्भुत शांति और शक्ति का अनुभव होता है।

अतिथि के रूप में पधारे व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष और रेलवे बोर्ड के सलाहकार सदस्य बालकिशन गुप्ता बालू भाई, अशोक भारतीय, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद पवन कुमार, श्री रामलीला समिति राजनगर के कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, ओबीसी मोर्चे के प्रदेश कोषाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप मंत्री के प्रतिनिधि सौरभ जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, हिंद आत्मा के प्रधान संपादक अशोक कौशिक, राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, समाजसेवी आशुतोष पाठक ने भी अपने विचार प्रकट किए और सभी को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा द्वारा किया गया। ब्रह्माकुमारी सुनीता, ब्रह्माकुमारी चंचल, ब्रह्मा कुमारी देवना, ब्रह्मा कुमारी रंजना, ब्रह्मा कुमारी छाया ने सभी अतिथियों का पटके और बुके द्वारा स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप भाई, सुभाष भाई, विनय भाई, कुमकुम बहन, शान्ति बहन राजीव भाई, देवीशरण भाई, डॉ देवेंद्र कुमार, मनोज कुमार, अजय भाई ,चेतन भाई, महानगर युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, अनामिका शर्मा, किरण चौधरी, रमा गुप्ता, पंजाबी युवा संगठन के अध्यक्ष तनुज खन्ना, मनीष मित्तल, परमेंद्र त्रिपाठी, डॉक्टर अनिल बैसला, अशोक गोयल, अनूप सिंह, नवीन पंडित, यशराज शर्मा, मनोज सिंह, आर एन राम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# समरकूल डीलर्स मीट जिम कॉर्बेट नैनीताल में हुई सम्पन्न

**● समरकूल के सी एंड एफ लक्ष्मी इलैक्ट्रिकल किच्छा रहे डीलर्स मीट के मुख्य आयोजक**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट पार्क रामनगर नैनीताल में रविवार को समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड की डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। इस वार्षिक डीलर्स मीट के मुख्य आयोजक समरकूल के सी एण्ड एफ लक्ष्मी इलैक्ट्रिकल किच्छा रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता और डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात अवार्ड सेरेमनी में समरकूल के एप्लांयसेज सेल्स में प्रथम पुरस्कार गोयल इलैक्ट्रिकल सितारगंज को तथा द्वितीय पुरस्कार श्रीराम इलैक्ट्रिकल सितारगंज को तथा तृतीय पुरस्कार श्रीहरि इलैक्ट्रिकल हल्द्वानी को दिया गया। इसके अतिरिक्त अनेक डीलर्स को प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि आप सभी डीलर्स बन्धुओं के अथक परिश्रम से आज समरकूल देश के कोने कोने में पहुँच रहा है। हम सेल्स के अपने पुराने सभी रिकाड्र्स तोडते जा रहे हैं। इस वर्ष समरकूल एयर कूलर को आईएसआई मार्क प्राप्त होने पर हमारी कूलरों की सेल्स रिकॉर्ड तोड़ रहने वाली है। समरकूल के डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने अपने सैकड़ों डीलर्स की उपस्थिति पर धन्यवाद देते हुए कहा कि, समरकूल ग्रुप के नये प्लांटों का निर्माण एवं विस्तार किया जा रहा है। जिससे आपकी मांग को समय से पूरा किया जायेगा। इसके पश्चात समरकूल ग्रुप के इंडिया सेल्स हैड नरेश बत्रा ने सभी को कंपनी की स्कीम से अवगत कराया।

# पर्वतीय प्रवासी जन कल्याण समिति ने निकली भव्य राम शोभा यात्रा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पर्वतीय प्रवासी जन कल्याण समिति ( पंजी ) इंदिरापुरम में पर्वतीय लोक संस्कृति के रंग में रंगने के लिए उत्तरैणी मकरैणि कौथिग का आयोजन 28 फरवरी से 2 मार्च 2025 ( तीन दिन ) तक करने जा रही है। इस आयोजन में उत्तराखंड की जानी मानी हस्तियां बिशन सिंह हरियाला, मुकेश कठैत, संतोष खेतवाल, खुशी जोशी, कुसुम भट्ट, दर्शन फरस्वाण, राकेश खनवाल, श्रावण भरद्वाज, सत्येंद्र फरंडियाल, दीपा चौहान, प्रियंका तिवारी और मंचों को गुदगुदाने वाले पुन्नू गुसाईं लोकगीतों से उत्तराखंडी संस्कृति के विभिन्न रूपों से लोगों को रूबरू करवायेंगे। रविवार को भूमि पूजन और श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

शोभा यात्रा सेक्टर 5 वैशाली से आरंभ होकर शिप्रा मॉल पर समाप्त हुई।समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह रावत ( सागर ) ने कहा कि उत्तराखंड की पारंपरिक भेशभूषा-परिधान, पारंपरिक वाद्य यंत्र, खाद्य उत्पाद, पकवान और बच्चों के मनोरंजन हेतु झूलों के स्टाल आयोजन के मुख्य आकर्षण होंगे। उन्होंने दिल्ली एनसीआर में रहने वाले सभी प्रवासी बंधुओं को आयोजन में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया है। तीन दिवसीय तृतीय उतरैनी मकरैणी 2025 कौथिक महोत्सव जो की 28 फरबरी से 3 मार्च मे, पर्वतीय प्रवासी जन कल्याण समिति पंजीकृत इंदिरपुराम के अंतर्गत होना है।

महा राम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जो की वैशाली सेक्टर 5 के पार्क से लेकर इंदिरपुराम के ज्ञान खंड होते हुए न्याय खंड 3 के सेंट्रल पार्क होते हुए शिप्रा माल के ग्राउंड तक पहुंची, जहाँ पर भूमि पूजन किया गया, समिति के अध्यक्ष श्री सागर रावत जी ने पूरी यात्रा का नेतृत्व किया। इस अवसर पर विजय रावत, चिरंजीव लाल भट्ट, भोपाल चंद्र लोहनी, गोपाल बिष्ट, आरती, संदीप रावत, आशीष नेगी, मोहन नेगी, मंजू रावत, रजनीश, मनोज, बबीता रावत, अनिता, रेखा गिरी रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## भौपुरा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात'



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भौपुरा मंडल में रविवार को सभी बूथों पर मंडल अध्यक्ष विपिन डागर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम सुना। मंडल अध्यक्ष विपिन डागर ने 'मन की बात' सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई पहलुओं पर अपनी बात रखकर लोगों को प्रेरित किया है। इस अवसर पर उदयवीर सिंह संयोजक मन की बात कार्यक्रम भौपुरा मंडल, सैन राजकुमार चंदेला-उपाध्यक्ष भौपुरा मंडल भाजपा महानगर गाजियाबाद, संदीप जाटव पार्षद पति/अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भौपुरा मंडल, जुगेश पांडेय आई टी संयोजक भौपुरा मंडल, राधेश्याम जी, संजय चौहान, मुन्ना तिवारी, प्रवीन पाल, संदीप राठौर, दिनेश चंदेला, आशीष भारद्वाज, सोनू प्रजापति, एडवोकेट कपिल चंदेला, कुनाल चंदेला, आशीष सैन, विपुल वर्मा, संजय निर्माण आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये जोश है जीत का ये जोश है देशभक्ति का। जब भारत की टीम ने पाकिस्तान को हराया तो मुराद नगर विधायक अजीत पाल त्यागी का ये जज्बा बाहर आया। उन्होंने जीत की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# एफ बी आई डायरेक्टर के बाद काश पटेल को मिली एक और अहम जिम्मेदारी, इस विभाग के बनेंगे कार्यवाहक प्रमुख

**वाँशिंगटन ।** अमेरिका में नए एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल को जल्द ही ब्यूरो ऑफ अल्कोहल, टोबैको, फायरआर्म्स एंड एक्सप्लोसिव्स (एटीएफ) का भी कार्यवाहक प्रमुख बनाया जाएगा। यह जानकारी न्याय विभाग के एक अधिकारी ने दी। जानकारी के मुताबिक, काश पटेल को अगले हफ्ते शपथ दिलाई जा सकती है, जिससे वह एफबीआई और एटीएफ, दोनों बड़े एजेंसियों के प्रमुख बन जाएंगे।



## एफबीआई और एटीएफ का दायित्व

एफबीआईः अमेरिका की सबसे बड़ी जांच एजेंसी, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों की देखरेख करती है।

एटीएफः बंदूक, विस्फोटक और आगजनी से जुड़े मामलों की जांच करने वाली एजेंसी। यह हथियारों की बिक्री पर लाइसेंस देने और अपराध में इस्तेमाल हथियारों की पहचान करने का काम करती है।

काश पटेल की नियुक्ति पर विवाद काश पटेल को शुक्रवार को एफबीआई डायरेक्टर पद की शपथ दिलाई गई थी। उनकी नियुक्ति पर डेमोक्रेटिक सांसदों ने सवाल उठाए थे क्योंकि वह पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जाते हैं और एफबीआई में बड़े बदलाव कर सकते हैं। इस खबर से पहले अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने एटीएफ की मुख्य वकील पामेला हिक्स को बर्खास्त कर दिया था। पैम बॉन्डी का कहना था कि एटीएफ बंदूक रखने वालों को निशाना बना रहा है।

## बंदूक नियंत्रण पर अमेरिका में बहस

रूढ़िवादी नेता एटीएफ को बंद करने की मांग करते रहे हैं। वहीं बाइडन प्रशासन ने असेंबल किए जाने वाले बिना सीरियल नंबर वाले हथियार और बिना लाइसेंस के बंदूक बेचने वालों पर सख्ती बढ़ाई थी। वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कार्यकारी आदेश जारी कर बाइडन सरकार की बंदूक नीतियों की समीक्षा करने को कहा है। इस फैसले पर बंदूक सुरक्षा संगठनों और गन राइट्स समर्थकों में मतभेद हैं। गन कंट्रोल ग्रुप 'ब्रैडी' ने काश पटेल को 'गन राइट्स एक्सट्रीमिस्ट' कहा, जबकि 'गन ओनर्स ऑफ अमेरिका' ने इसे संविधान और बंदूक मालिकों के लिए जीत बताया है।

# पैसों की तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान, अफगानी शरणार्थियों को मुल्क से बाहर निकालने की धमकी दी

**इस्लामाबाद ।** अफगान शरणार्थियों को लेकर पाकिस्तान ने बड़े फैसले के संकेत दिए हैं। अमेरिका में अफगानों के पुनर्वास से जुड़े अहम घटनाक्रम के बाद पाकिस्तानी मंत्री ने शरणार्थियों को निकाले जाने का बयान दिया है। मामला आर्थिक संकट से जुड़ा लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका आगामी अप्रैल तक पुनर्वास से जुड़े दफ्तर बंद करने की तैयारी में है। इससे दो लाख लोगों का जीवन प्रभावित हो सकता है। विदेश मंत्री इशाक डार ने जो बयान दिया है, इसके मुताबिक पाकिस्तान इस मुद्दे पर अमेरिका के साथ बातचीत करने को तैयार है, लेकिन जिन लोगों को अमेरिका पुनर्वास से वंचित करेगा, सैद्धांतिक रूप से उन्हें पाकिस्तान में भी अवैध प्रवासी माना जाएगा और देश से निकाला जाएगा।



**अमेरिका के इस फैसले से दो लाख लोगों के जीवन पर असर :** बता दें कि अमेरिका ने अफगानों के पुनर्वास की देखरेख करने वाले विदेश विभाग के कार्यालय को अप्रैल तक बंद करने की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इस कदम से लगभग दो लाख लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। बीते 18 फरवरी (अमेरिकी समयानुसार) को आई एक रिपोर्ट के अनुसार एक अमेरिकी अधिकारी, एक प्रमुख अधिवक्ता और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की तरफ से निर्देश दिए गए हैं। इस अहम घटनाक्रम से परिचित दो सूत्रों ने अफगानों के पुनर्वास से जुड़ी बड़ी योजना की खबर दी।

**पाकिस्तान ने 837 अफगान शरणार्थियों को वापस भेजा :** बता दें कि पाकिस्तान इससे पहले भी कई अफगानों को निकाल चुका है। करीब 10 महीने पहले अप्रैल, 2024 में पाकिस्तान ने 800 से अधिक अफगान शरणार्थियों को तोरखम व स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग के जरिये वापस उनके देश भेज दिया था।

# पोलिश राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से मिले राष्ट्रपति ट्रंप, रक्षा बजट में बढ़ोतरी की सराहना की

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से मुलाकात की। यह बैठक कंजरवेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस (सीपीएसी) के दौरान हुई। इस मुलाकात में राष्ट्रपति ट्रंप ने पोलैंड और अमेरिका के करीबी रिश्तों को दोहराया और राष्ट्रपति डूडा की तरफ से देश के रक्षा बजट को बढ़ाने के फैसले की सराहना की।



## यूक्रेन युद्ध को लेकर डूडा की अपील

इससे पहले, शुक्रवार को पोलैंड के राष्ट्रपति डूडा ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। उन्होंने जेलेंस्की से कहा कि यूक्रेन में शांति लाने के लिए अमेरिका की भूमिका बहुत जरूरी है, इसलिए उन्हें अमेरिका के साथ सहयोग बनाए रखना चाहिए। राष्ट्रपति डूडा ने आगे कहा कि, 'हम मानते हैं कि युद्ध रोकने और यूक्रेन में स्थायी शांति लाने का कोई और तरीका नहीं है, जब तक अमेरिका इसमें सहयोग न करे।'

शनिवार को ही डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने की अपील की। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बातचीत कर युद्ध रोकने की सलाह दी। ट्रंप ने कहा, 'पुतिन और जेलेंस्की को मिलकर युद्ध खत्म करना होगा। हमें युद्ध रोकना है और लाखों लोगों की जान बचानी है। मैं युद्धविराम चाहता हूं और इस मामले को सुलझाना चाहता हूं। यह युद्ध अमेरिका को सीधे प्रभावित नहीं करता।

# स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट मुहैया कराएं अमेरिकी अरबपति से बांग्लादेशी सरकार की अपील

**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने अरबपति अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क को बांग्लादेश आने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने देश में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए अमेरिका के शीर्ष व्यवसायी और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मस्क को पत्र लिखा। 19 फरवरी को लिखे पत्र में यूनुस ने मस्क से कहा, उनकी बांग्लादेश यात्रा से उन्हें युवा बांग्लादेशी पुरुषों और महिलाओं से मिलने का मौका मिलेगा, जो इस अग्रणी तकनीक के मुख्य लाभार्थियों में से होंगे। उन्होंने बेहतर भविष्य के लिए अपने आपसी दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मस्क से मिलकर काम करने का आह्वान किया। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने रविवार को बताया।



# इस्राइल ने फलस्तीनी कैदियों की रिहाई टाली, युद्ध विराम में आया ऐसा नाजुक मोड़

**तेल अवीव ।** इस्राइल ने कहा है कि वह 620 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई को तब तक टाल रहा है जब तक कि अगली बार बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती और 'अपमानजनक समारोह दोबारा नहीं आयोजित किए जाते हैं। शनिवार को छह इस्राइली बंधकों को रिहा किया गया था, लेकिन इस्राइल ने दावा किया कि कुछ बंधकों को हथियारबंद हमास लड़ाकों के बीच सार्वजनिक रूप से सौंपा गया, जो अमानवीय था। इस तरह के दृश्य को संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने भी क्रूर करार दिया है।

दिखाया गया, जहां वह जबरन मुस्कुराते हुए लड़ाकों को चूमते दिखे। बाकी तीन बंधकों में ताल शोहम, अवेरा मेंगिस्तु और हिशाम अल-सैयद शामिल हैं। मेंगिस्तु और अल-सैयद को 2014 और 2015 में गाजा में भूल से घुसने के बाद बंदी बना लिया गया था।

## कैदियों की रिहाई में देरी से संघर्षविराम पर संकट

इस्राइल के इस फैसले के बाद संघर्षविराम के भविष्य को लेकर संदेह बढ़ गया है। हमास ने इस्राइल पर संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। वहीं युद्धविराम के तहत हमास ने अगले हफ्ते चार शव सौंपने की बात कही है, जिससे संघर्षविराम का पहला चरण पूरा होगा। लेकिन इस दौरान, इस्राइल में बंधकों के परिवार लगातार प्रदर्शन कर सरकार पर दबाव बना रहे हैं कि सभी बंधकों को सुरक्षित वापस लाया जाए। इस पूरे घटनाक्रम से अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि संघर्षविराम का अगला चरण कैसा होगा। हमास का कहना है कि वह तब तक बंधकों को नहीं छोड़ेगा जब तक कि इस्राइल पूरी तरह गाजा से अपनी सेना नहीं हटाता। वहीं इस्राइल हमास की इस मांग को मानने को तैयार नहीं दिख रहा, जिससे आने वाले दिनों में फिर से युद्ध छिड़ने की आशंका बढ़ गई है।



**इस्राइली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने क्या दिया हवाला :** इस मामले में इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि 'हमारे बंधकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले और उन्हें प्रचार के लिए इस्तेमाल करने वाले इन समारोहों' के कारण कैदियों की रिहाई रोक दी गई।

## ये इस्राइली बंधक किए गए रिहा?

शनिवार को रिहा किए गए छह इस्राइली बंधकों में से तीन ओमर वेंकेर्ट, ओमर शेम टोव और एलिया कोहेन हैं, जिन्हें 7 अक्तूबर 2023 को हुए हमले में नवा म्यूजिक फेस्टिवल से अगवा किया गया था। शेम टोव को हमास लड़ाकों के साथ एक वीडियो में

# उत्तरी पेरू में बड़ा हादसा, शॉपिंग मॉल में छत गिरने से छह लोगों की मौत, 78 घायल

**लीमा ।** पेरू में बड़ा हादसा हुआ है। पश्चिमोत्तर पेरू में एक शॉपिंग मॉल के फूड कोर्ट की छत गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में कम से कम 78 अन्य लोग घायल हो गए। देश के रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी। मॉल में बने ह्यफूड कोर्टह्न में कई रेस्त्रां और भोजनालय थे। यहां हमेशा काफी चहल पहल होती है। हादसे के वक्त भी यहां भारी संख्या में लोग मौजूद थे।



तीन की हालत गंभीर ला लिबर्टाड क्षेत्र के ट्रूजिलो शहर में स्थित ह्यरियल प्लाजा ट्रूजिलोह्न शॉपिंग मॉल में लोहे से बनी भारी छत शुक्रवार रात वहां मौजूद लोगों पर गिर गई। रक्षा मंत्री वाल्टर एस्टुडिलो ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि ह्यला लिबर्टाडह्न में स्थानीय अग्निशमन कर्मियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इमारत ढहने के बाद पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। कि 30 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है और 48 अब भी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। मंत्री ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# जर्मनी में आर्थिक संकट, प्रवास और दक्षिणपंथियों की बढ़ती ताकत के बीच मतदान, इस दल के जीतने की संभावना

**बर्लिन ।** जर्मनी में आम आम चुनाव के लिए मतदान हो रहे हैं, जहां मतदाता एक नई सरकार चुनेंगे। वहीं यह चुनाव आर्थिक मंदी, प्रवासन (माइग्रेशन) को रोकने के दबाव और यूरोप-अमेरिका संबंधों को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच हो रहा है। इस चुनाव में दक्षिणपंथी विपक्षी दल की जीत की संभावना जताई जा रही है, जबकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार एक अतिवादी दक्षिणपंथी दल को भी ऐतिहासिक बढ़त मिलने की उम्मीद है।

जर्मनी यूरोपियन यूनियन का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है और नाटो का प्रमुख सदस्य भी है। यह यूक्रेन को सबसे ज्यादा हथियार देने वाले देशों में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर आता है। आम चुनाव के



नतीजे जर्मनी के अलावा पूरे यूरोप पर असर डाल सकते हैं, खासकर जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की अगली सरकार के आने की संभावनाओं को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। ट्रंप प्रशासन के संभावित नीतिगत बदलाव यूरोप की सुरक्षा और व्यापार नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं।

**कितने लोग मतदान करेंगे और सरकार कैसे बनेगी:** जर्मनी में करीब 5.9 करोड़ मतदाता जर्मनी की 630 सदस्यीय संसद के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। यहां की चुनावी प्रक्रिया आमतौर पर किसी भी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं देती, इसलिए चुनाव के बाद दो या अधिक पार्टियों को मिलकर सरकार बनानी होगी। यह गठबंधन बनाने की प्रक्रिया कई हफ्तों या महीनों तक खिंच सकती है। यह चुनाव तय समय से 7 महीने पहले हो रहा है, क्योंकि मौजूदा चांसलर ओलाफ शोल्ज की गठबंधन सरकार नवंबर में गिर गई थी। उनके नेतृत्व वाली तीन दलों की सरकार आपसी मतभेदों के कारण कमजोर हो गई थी।

## अगला चांसलर कौन बन सकता है?

फ्रेडरिक मर्ज - सेंटर-राइट यूनियन ब्लॉक के नेता फ्रेडरिक मर्ज को चुनावी सर्वे में 28-32% वोट मिलने का अनुमान जताया गया है, जो इस रेस में सबसे आगे हैं।

# श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार, स्टालिन ने जयशंकर से मांगी मदद

**कोलंबो ।** श्रीलंकाई अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में रविवार को 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं जब्त कर लीं। श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में एक विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया।

बयान में कहा गया कि मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया। नौसेना ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं को तलाईमन्नार पियर लाया गया, जहां उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया बयान के मुताबिक, नौसेना ने इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली 18 नौकाओं को जब्त किया है।



## भारत और श्रीलंका के बीच एक विवादास्पद मुद्दा

मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य क्षेत्र में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया है। स्टालिन ने केंद्र से तत्काल कार्रवाई की मांग की तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को केंद्र से इस मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने के लिए तत्काल संयुक्त कार्य समूह गठित करने का आग्रह किया। सीएम ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर हाल ही में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 32 भारतीय मछुआरों और पांच नौकाओं को हिरासत में लिए जाने की घटना की जानकारी दी।

स्टालिन ने अपने पत्र में कहा, 'मैं यह पत्र गहरी पीड़ा के साथ लिख रहा हूं, क्योंकि हाल के दिनों में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों को पकड़े जाने की घटनाओं की संख्या में चिंताजनक वृद्धि हुई है। नवीनतम घटना में 23 फरवरी को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 32 मछुआरों को उनकी पांच मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं के साथ पकड़ा गया है। ये मछुआरे 22 फरवरी को रामेश्वरम बंदरगाह से निकले थे। इसलिए मैं एक बार फिर इस लंबे समय से लंबित मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने के लिए संयुक्त कार्य समूह को तुरंत बुलाने के अपने पिछले अनुरोध को दोहराता हूं। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

# शांति स्थापना का आधार बन रहा भारत

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख जीन-पियरे लैक्रोइक्स ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना का आधार बना हुआ है। भारत की महिला शांति सैनिकों ने यह साबित किया है कि महिलाओं की अधिक भागीदारी वाले मिशन बेहतर परिणाम देते हैं और स्थायी शांति में मदद करते हैं। 24-25 फरवरी को भारत में आयोजित होगा सम्मेलन लैक्रोइक्स इस सप्ताह भारत में आयोजित 'शांति स्थापना में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना: एक वैश्विक दक्षिण अनुभव' सम्मेलन में भाग लेने के लिए आएंगे। यह सम्मेलन 24-25 फरवरी को आयोजित होगा। लैक्रोइक्स ने एक साक्षात्कार में कहा, 'भारत शांति स्थापना की आधारशिला बना हुआ है और भारतीय महिला शांति सैनिक शांति स्थापना को नए तरीके से परिभाषित कर रही हैं।



# अगले कुछ साल पश्चिमी तट वाले शरणार्थी शिविर में ही रहना होगा, इस्राइली रक्षा मंत्री का सेना को आदेश

**तेल अवीव ।** इस्राइल की सेना अब अगले कुछ साल तक पश्चिमी तट वाले शहरी शरणार्थी शिविरों में रहेगी। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि सेना को निर्देश दिए गए हैं कि वह अगले कुछ साल तक वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में रहे। उन्होंने कहा कि उत्तरी पश्चिमी तट के तीन शिविरों से 40 हजार फलस्तीनियों का विस्थापन हो गया है। अब वे खाली हो चुके हैं।

काट्ज ने कहा कि सेना शिविर में लंबे समय तक रहने के लिए तैयार रहे। यहां फलस्तीनियों को वापस नहीं आने देना है। वहीं सेना ने कहा कि वह पश्चिमी तट के इलाके में अपना अभियान तेज कर रही है। इसके अलावा जेनिन क्षेत्र में टैंक भेजे गए हैं। इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान पश्चिमी तट पर हिंसा में वृद्धि हुई है। पश्चिमी तट से होने वाले फलस्तीनी हमले भी बढ़े हैं। गुरुवार देर रात इस्राइल में तीन खाली खड़ी बसों में विस्फोट हुए। जिसे पुलिस संदिग्ध आतंकी हमला मान रही है।



## पश्चिमी तट पर इस्राइल के हमले जारी

गाजा में युद्ध विराम के बाद इस्राइल की सेना फलस्तीनी कब्जे वाले पश्चिमी तट पर हमले तेज कर रहा है। हमलों के बाद जेनिन, तुलकरम और टुबास प्रशासनिक इलाकों में मानवीय स्थिति और भी बदतर हो गई है। यहां इस्राइल के हवाई हमलों, विध्वंस और विस्फोटक हथियारों के इस्तेमाल की वजह से बुनियादी ढांचे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोग बिजली वा पानी जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी हुए बिना ही जीवन जीन को मजबूर हैं। इन इलाकों में चल रहे सैन्य अभियानों की वजह से हजारों परिवारों को विस्थापन करना पड़ा। सैकड़ों स्कूल प्रभावित हिंसा के बीच बच्चों की शिक्षा में रुकावट आई है। करीब 100 स्कूल प्रभावित होने के कारण बच्चों और शिक्षकों का स्कूल आना जोखिम से भरा है। हिंसा, विस्थापन और अपने निकट संबंधियों को खोने की वजह से बहुत से बच्चों को तुरंत मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक मदद की जरूरत हो रही है